अभिनव माडल्स 11–14 आयु वर्ग हेतु 11 से 14 आयु वर्ग के बच्चों के लिये जो औपचारिक विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने मे किन्हीं कारणों से असमर्थ रहे है। उनके लिए नवाचार शिक्षा योजा के अन्तर्गत स्थानीय पर्यवेश बच्चों के विशिष्ट समूह की आवश्यकताओं तथा कलान्तर में तथा औपचारिकता विद्यालयों में समेकित किये जाने की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुये कतिपय इनवोटिव माडल्स विकसित किये जायेंगे। इस हेतु नवाचार शिक्षा योजना के अन्तर्गत अभिनव माडल्स विकसित करने के उद्देश्य जनपद में 50000 रूपया इनोवेटिव फण्ड रखा जायेगा। पहले दो वर्षो में इस आयु वर्ग हेतु कम से कम 2–3 माडल विकति किये जायेगे इस कार्य में वैकल्पिक शिक्षा के विशेषज्ञों शिक्षाविदों अनुभवी स्वयं सेवी संगठनों आदि की सहायता प्राप्त की जायेगी।

स्कूल चलो अभियान :–

नामांकन हेतु स्कूल चलो अभियान सरकार द्वारा उठाया गया एवं अच्छा कदम है, जिसका प्रमुख उद्देश्य 6 से 14 वर्ष के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन है। शिक्षा सत्र 2003–04 में जनपद में इस अभियान की अवधि 21 मई से 31 मई तथा 1 जुलाई तक रही। जिसमें बाल गणना एवं वातावरण के सृजन के लिये एवं नामांकन का लक्ष्य रखा गया । जनपद में माननीय जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में वातावरण सृजन एवं नामांकन हेतु रणनीति तैयार की गई, जिसमें माननीय पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक आदि के साथ लगभग विभागो के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। इस गोष्ठी में जनपद तहसील विकास खण्ड न्याय पंचायत एवं ग्राम स्तर की गतिविधियों पर की जाने वाली क्रियाओं एवं कार्यकलापों कीरणनीति का निर्धारण किया गयाइस तारतम्य के महोबा नगर क्षेत्र प्लान स्तर न्याय पंचायत स्तर ग्राम स्तर पर बच्चों द्वारा प्रभाव रैलियाँ निकाली गई, जिन्हें क्रमशः माननीय जिलाधिकारी महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय, मुख्य विकास अधिकारी, प्राचार्य डाइट एवं जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उप जिलाधिकारी द्वारा झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बच्चों के समूह के साथ इस रैली में जन समुदाय ने प्रतिभाग किया एवं शिक्षा की अलख जगाने हेतु नारों आदि का उपयोग किया गया बच्चों द्वारा स्कूल चलों अभियान के वैल्यू बैनर आदि का भी उपयोग किया गया इसके पूर्व नगर के विभिन्न स्थानों पर पम्पलेट, स्टीकर, वैनर आदि के द्वारा वातावरण सृजन किया गया। यह समस्त रैलियाँ एकत्र होकर अपने–2 स्थानीय मख्यालय में पहुँची। जहाँ माननीय जिलाधिकारी महोदय के अतिरिक्त अन्य अधिकारियों जनप प्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधानों मे बच्चों एवं जन समुदाय को सम्बोधित किया तथा सभी ने जनपद को शत प्रतिशत साक्षर बनाने के लिये साथ ही साथ समस्त बच्चों के प्रवेश के लिये शपथ ली। जनपद मुख्यालय के माननीय मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एवं जिला पंचायत अध्यक्ष महोदया के मुख्य आथित्य में स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिये सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्वानों में अपने–2 विचार रखे। इसी प्रकार के आयोजन तहसील, विकास खण्ड, न्याय पंचायत मुख्यालय के साथ–2 समस्त ग्रामों में सम्पन्न कराये गय। जहाँ बच्चों द्वारा प्रभाव रैलियों के साथ–2 स्कूल चलो अभियान से सम्बन्धित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों ने बड़े उत्साह के साथ इस अभियान में प्रतिभाग किया। साथ ही साथ समुदय द्वारा लोक संस्कृति आधारित शिक्षा सम्बन्धी कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इन कार्यक्रमों मे विभिन्न जन प्रतिनिधियों ने विभिन्न उत्साह से कार्य किया वातावरण सृजन कार्यक्रम के पश्चात् नामांकन का कार्यक्रम चलाया गया एवं 31 जुलाई तक चलता रहा। जिसमें प्राथमिक एवं जूनियर स्तर के बच्चों का नामांकन में अभूतपूर्व वृद्वि हुई।

अध्याय–8

ठहराव में वृद्धि के कार्यक्रम

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम शुरू होने एवं स्कूल चलो अभियान के कारण बच्चों का नामांकन तो विद्यालय में हो जाता है। परन्तु वर्तमान में प्रा.वि. की मूल शिक्षा बच्चों का ठहराव है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों द्वारा ठहराव वृद्वि हेतु पूर्ण प्रयास किये जाने का प्राविधान किया गया है। इन प्रयासो मे प्रमुख निम्नवत् है।

1. निर्माण कार्य :–

प्राथमिक एवं उच्च प्रा.वि. में भौतिक संसाधनों की कमी ठहराव वृद्वि में एक महत्वपूर्ण बाधा है। जनपद के 521 प्रा.वि. में से 55 भवनहीन जीर्ण–शीर्ण विद्यालय एक कक्षीय है। विद्यालय में चाहर दीवारी, 143 में शौचालय का अभाव है। उच्च प्रा.वि. में 10 विद्यालय भवनहीन 81 विद्यालय चाहर दीवारी रहित है। विद्यालय की भौतिक सुविधा हेतु निम्न सारणी से मांग स्पष्ट हो जाती है।

सारणी 8.1

क्रम	मद	प्राथमिक स्तर	उच्च प्राथमिक स्तर
1.	भवनहीन जीर्ण–शीर्ण	55	10
2.	शौचालय	143	38
3.	पेयजल	123	15
4.	लघु मरम्मत	150	11
5.	वृहद मरम्मत	26	14
6.	अतिरिक्त कक्षा कार्य	–	–

विद्यालय पुर्ननिर्माण

जनपद में 55 प्राथमिक विद्याय एवं 10 उच्च प्राथमिक विद्यालय भवनहीन एवं ध्वस्त है। इन्हें प्राथमिक विद्यालय का निर्माण 2.56 लाख रूपया प्रति विद्यालय की दर से 2.80 लाख रूपया उच्च प्राथमिक विद्यालय हेतु प्राविधानित किये जायेंगे।

विकास खण्ड : पनवाड़ी

क्रम	प्राथमिक विद्यालय का नाम	सत्र
1.	प्राथमिक विद्यालय कोटरा	
2.	प्राथमिक विद्यालय नकरा	
3.	प्राथमिक विद्यालय देवगनपुरा	
4.	प्राथमिक विद्यालय लौहर गाँव	
5.	प्राथमिक विद्यालय दादरी	
6.	प्राथमिक विद्यालय सलैया खालसा	
7.	प्राथमिक विद्यालय सिमरिया	
8.	प्राथमिक विद्यालय कुनाटा	भवनहीन
9.	प्राथमिक विद्यालय कर्रपहाड़िया	भवनहीन
10.	प्राथमिक विद्यालय परापाँतर	भवनहीन
11.	प्राथमिक विद्यालय रावतपुरा	भवनहीन
12.	प्राथमिक विद्यालय खैरोकलाँ	भवनहीन
13.	प्राथमिक विद्यालय कनकुवा	भवनहीन
14.	प्राथमिक विद्यालय रिदवारा	भवनहीन
15.	प्राथमिक विद्यालय जखा	भवनहीन
16.	कन्या प्राथमिक विद्यालय महुआ	भवनहीन
17.	प्राथमिक विद्यालय तुर्रामुहार	प्राकृतिक आपदा

विकास खण्ड : चरखारी

क्रम	प्राथमिक विद्यालय का नाम	सत्र
1.	प्राथमिक विद्यालय वरदा	1982
2.	प्राथमिक विद्यालय नवीन खुजा	भवनहीन
3.	प्राथमिक विद्यालय कीरतपुरा	भवनहीन
4.	प्राथमिक विद्यालय कुड़ार	1969
5.	प्राथमिक विद्यालय बमरारा	1961
6.	प्राथमिक विद्यालय राजमन्दिर चरखारी	1952

विकास खण्ड : कबरई

क्रम	प्राथमिक विद्यालय का नाम	सत्र
1.	प्राथमिक विद्यालय लिलवाही	1965
2.	प्राथमिक विद्यालय खम्हरिया	1965
3.	प्राथमिक विद्यालय रतौली	1981
4.	प्राथमिक विद्यालय गहरा	1970
5.	कन्या प्राथमिक विद्यालय गहरा	1970
6.	प्राथमिक विद्यालय सिंघनपुर बघारी	1970
7.	प्राथमिक विद्यालय बरातपहाड़ी	1970
8.	प्राथमिक विद्यालय चन्दपुरा	1970
9.	प्राथमिक विद्यालय खोड़ा मकरबई	1955
10.	प्राथमिक विद्यालय सलारपुर	1970
11.	कन्या प्राथमिक विद्यालय बिलई	1965
12.	प्राथमिक विद्यालय कोहारी	1981
13.	प्राथमिक विद्यालय सुनैचा	1970
14.	प्राथमिक विद्यालय भण्डरा	1970
15.	प्राथमिक विद्यालय भटेवर	1970
16.	प्राथमिक विद्यालय गुगौरा	1966
17.	प्राथमिक विद्यालय डहर्रा	1964

विकास खण्ड : कबरई

क्रम	प्राथमिक विद्यालय का नाम	सत्र
1.	प्राथमिक विद्यालय सतारी	1945
2.	प्राथमिक विद्यालय मवैया	1965
3.	प्राथमिक विद्यालय गुण्ड	1949
4.	प्राथमिक विद्यालय स्यावन	1946
5.	प्राथमिक विद्यालय बमनौरा	1978
6.	प्राथमिक विद्यालय ललौनी	1976
7.	प्राथमिक विद्यालय बछेछर खुर्द	1972
8.	प्राथमिक विद्यालय सीगौन	1975
9.	कन्या प्राथमिक विद्यालय आरी	1973
10.	प्राथमिक विद्यालय कमालपुरा	1960
11.	कन्या प्राथमिक विद्यालय लाड़पुर	1954

उच्च प्राथमिक विद्यालय

क्रम	ब्लाक का नाम	उच्च प्राथमिक विद्यालय का नाम	सत्र
1.	कबरई	उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरामॉफ	1965
2.	चरखारी	उच्च प्राथमिक विद्यालय खरेला	भवनहीन
3.	पनवाड़ी	उच्च प्राथमिक विद्यालय काशीपुरा	भवनहीन
		उच्च प्राथमिक विद्यालय नकरा	भवनहीन
4.	नगर क्षेत्र, महोबा	कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय छजमनपुरा, महोबा	भवनहीन

लघु मरम्मत :–

जनपद में 210 विद्यालय लघु मरम्मत योग्य है जहाँ सर्व शिक्षा अभियान के तहत मरम्मत के लिए प्राविधान किया जा रहा है। साथ ही साथ 100 विकलांग बच्चे बाहुल्य विद्यालयों में रैम्प्स के निर्माण हेतु भी लघु मरम्मत का प्राविधान सर्व शिक्षा अभियान के तहत किया जा रहा है, जिनका वर्षवार विवरण सारिणी में दिया गया है।

वृहद मरम्मत :–

जनपद में 81 विद्यालय वृहद मरम्मत के योग्य है, जिनका प्राविधान सर्व शिक्षा अभियान के तहत किया जा रहा है। वर्षवार प्राविधान सारिणी में दिग्रा गया है।

सारणी 8.2

सत्र	प्राथमिक विद्यालय	उच्च प्राथमिक विद्यालय
2003–04	–	–
2004–05	30	–
2005–06	20	–
2006–07	–	–

अतिरिक्त कक्षा कक्ष :–

वर्तमान सत्र में जनपद मे प्राथमिक स्तर के कुल 1389 कक्षा कक्षों में शिक्षण कार्य चल रहा है, जबकि आवश्यकता 1:40 के अनुपात मे 1984 होगी। प्रतिकक्ष 40 बच्चे की दर से अतिरिक्त कक्षा कक्षो की आवश्यकता सारिणी 8.3 के अनुसार होगी।

वर्ष 2005-06 में 04 ..... प्राथमिक एवं 04 ..... उच्च प्राथमिक विद्यालयों का आकंलन प्रस्तावित है।

एम.आई.एस. एवं नवीन सर्वे के अनुसार प्राथमिक स्तर पर शौचालय की आवश्यकता का प्रस्ताव निम्नवत् है।

वर्ष	प्रस्तावित लक्ष्य	
2004-05	200	
2005-06	143	
2006-07	0	
योग	343	

इस लक्ष्य 343 का है।

सारणी 8.3

अतिरिक्त कक्षा कक्ष का वर्षवार विवरण

सत्र	परिषदीय नामांकन	1:40 के अनुपात में आवश्यकता	सत्र में कक्षों की उपलब्धता
2003–04	83408	2085	1389
2004–05	85344	2134	1514
2005–06	88427	2211	1637
2006–07	91586	2289	1637
2007–08	93939	2348	1637
2008–09	96341	2408	1637
2009–10	98798	248	1637

प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय को तीन कक्ष देने के लिये निम्नलिखित कक्षों की आवश्यकता होगी, जिन्हें निम्नवत् सत्रों के आधार पर दिया जायेगा।

क्रियाकलाप	2003–04	2004–05	2005–06	2006–07
अतिरिक्त कक्षा कक्ष	–	125	123	–

उच्च प्राथमिक विद्यालयों मे अतिरिक्त कक्षा कक्षों आवश्यकता नहीं है।

शौचालय निर्माण :–

जनपद के कुल 591 प्राथमिक विद्यालयो मे हो कुल 448 विद्यालयों में शौचाल की व्यवस्था के अवशेष 143 विद्यालयो में शौचालय दिया जाना आवश्यक है। 126 अन्य प्राथमिक विद्यालयो में से 88 विद्यालयो मे शौचालय की व्यवस्था है। अवशेष विद्यालयो में शौचालय का प्रावधान किया जा रहा है।

सारणी 8.4

क्रियाकलाप	2003–04	2004–05	2005–06	2006–07
शौचालय प्रा. वि.	–	100	43	–
शौचालय उ.प्रा.वि.	–	20	18	–

पेयजल व्यवस्था :–

जनपद में 591 प्राथमिक विद्यालयों में 486 विद्यालयो में पेयजल की व्यवस्था है। अवशेष 123 विद्यालयों में पेयजल हेतु प्रावधान आगामी वर्षो में किया जायेगा। इसी प्रकार 126 उ0प्रा0वि0 में से 111 उ0प्रा0 विद्यालयों मे पेयजल की सुविधा है। अवशेष विद्यालयो में पेयजल की व्यवस्था आगामी वर्षो में की जायेगी।

सारणी

क्रियाकलाप	2003--04	2004–05	2005–06	2006–07
पेयजल प्रा. वि.	–	75	48	–
पेयजल उ.प्रा.वि.	–	10	05	–

अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था :–

सत्र 2003–04 में 31 अगस्त, 03 तक परिषदीय नामांकन 83408 था। इस सत्र मे अध्यापको के श्रजित पद 1421 इसके विरूद्व यहाँ पर परिषदीय अध्यापकों की संख्या 1236 थी। इस प्रकार कुल रिक्त पदो की संख्या 185 है। जबकि इस समयावधि मे कुल अध्यापकों की संख्या 2085 थी। अर्थात् 40:1 के अनुपात में अध्यापकों की कमी 849 थी। इसमें 235 शिक्षा मित्रों के द्वारा पूर्ति की जायेगी जो कि पूर्व में स्वीकृत थे। इस स्थिति मे भी 614 अध्यापकों की आवश्यकता होगी। श्रजित पदों के अतिरिक्त रिक्त पद ही पूर्ण कालिक अध्यापको के द्वारा भरे जोगे। अवशेष 464 अध्यापकों की आवश्यकता मे से 332 शिक्षा मित्रों द्वारा एवं 332 पद पूर्ण वेतनिक अध्यापकों द्वारा भरे जायेंगे।

सन 2001 की जनगणना के आधार पर गांववार विस्तृत आंकडें प्राप्त नहीं हुए है। आंकड़ें प्राप्त होने पर आवश्यकता के अनुसार ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों (यथा वार्ड, टाउन एरिया, नगर पालिका एवं नगर महापालिकाओं) में एवं जनसंख्या वृद्धि के कारण आगामी वर्षो में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का प्रावधान वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में किया जायेगा।

अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था प्राथमिक स्तर

सत्र	कुल नामांकन	परिषदीय नामांकन	1:40 अनुपात में अध्यापक	सृजित पद	अतिरिक्त शिक्षको की व्यवस्था		
					कुल शिक्षक	पूर्ण वेतनिक	शिक्षा मित्र
2003–04	118814	83408	2085	1421	664	332	—
2004–05	121921	85344	2134	2085	49	25	356
2005–06	126325	88427	2211	2134	77	39	38
2006–07	130838	91586	2289	2211	78	39	39
2007–08	134199	93939	2348	2289	59	30	29
2008–09	137630	96343	2408	2348	60	30	30
2009–10	141140	98798	2470	2408	62	31	31

उच्च प्रा० स्तर :–

जनपद में संचालित 126 परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 8 विद्यालय 5 की दर से 630 अध्यापकों की आवश्यकता होगी, जिसमें सत्र 2003–04 में 269 अध्यापक कार्यरत है। इस प्रकार 361 पद अब भी रिक्त है। इन पदों को प्राथमिक विद्यालय मे से अध्यापक के प्रमोसन के द्वारा भरा जायेगा। प्रत्येक विद्यालय में न्यूनतम एक गणित/विज्ञान के अध्यापक को अनिवार्य रूप से रखा जायेगा तथा विद्यालय मे 50 प्रतिशत पद अनिवार्यता महिलाओ के द्वारा भरे जायेंगे।

विद्यालय अनुदान एवं रख–रखाव :–

जनपद को प्रत्येक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक परिषदीय राजकीय सहायतित मान्यता प्राप्त (जिनमें उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक कक्षायें सम्मिलित है। विद्यालयों की रंगाई–पुताई हेतु रूपा 2000 की दर से एवं रख–रखाव एवं मरम्मत हेतु रूपया 5000 की धनराशि उपलब्ध कराई जायेगी।

सत्र 2003 में इस प्रकार 593 प्राथमिक विद्यालय एवं 191 उच्च प्राथमिक विद्यालय होंगे।

रख–रखाव

सत्र	परिषदीय / राजकीय / सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालय			रंगाई–पुताई हेतु संख्या	रख–रखाव हेतु प्रस्तावित
	प्राथमिक	उ0 प्राथमिक	योग		
2003–04	593	151	744	744	744
2004–05	604	207	811	811	811
2005–06	604	222	826	826	779
2006–07	604	222	826	826	779
2007–08	604	222	826	826	779

बालिका शिक्षा

पृष्ठ भूमि :–

जनपद महोबा बुन्देलखण्ड की परिधि में आता है। यहाँ समुदाय के लिो गनिवास करते हैं जो बालिका के पैदा होती ही उसे हीन दृष्टि से देखते है और यही भावना उनके हृदय में बालिका की शादी होने तक अपना स्थान बनाये रखती है। परिणाममतः बालको की अपेक्षा माता–पिता बालिका के खान–पान हनावा शिक्षा आदि में भिन्नता दर्शाते है। फलतः प्रारम्भ से ही बालिका के हृदय में भिन्नता की भावना ऐसे स्थायी भाव बनाती है जो उनकी शैक्षिक प्रगति में बाधक बनती है। दूसरे ग्राम के सम्भ्रान्त परिवारें के कुछ ऐसे पिछड़े परिवार के है जो अपनी बालिकाओं को प्राथमिक शिक्षा को पूर्ण करा लेते हें इसके बाद उच्च प्राथमिक शिक्षा हेतु विद्यालय भेजना अपनी मर्यादा के प्रतिकूल मानते है। इसी प्रकार बालकों की शादी उपरान्त दूसरे परिवार की कन्यायें जो वधू होती है। वे आज भी मौजूद पर्दा प्रथा जैसी रूढ़वादिता की शिकार बनती है। जिससे उनका शारीरिक विकास तो हो जाता है किन्तु शैक्षिक विकास में पठार आ जाता है। फलतः आगे गति असम्भावित हो जाती है। यही कारण नजर आता है कि इस जनपद को विकास खण्ड में पुरूषों की अपेक्षा महिलाओ की साक्षरता दर निम्न स्तर की है, जैसा कि अध्याय 2 की सारिणी सं. 2.2 से स्पष्ट होता है। सन् 2001 की जनगणना के आधार पर जनपद महोबा में यहाँ पुरूषों की साक्षरता दर 66.83 प्रतिशत है। वहीं महिलाओं की साक्षरता दर 39.57 प्रतिशत है।

समस्यायें व विशलेषण :–

जनपद महोबा बालिका शिक्षा के प्रति रूढ़ि वादिता मर्यादा पर्दा प्रथा आदि परम्परागत संकीर्णताओं से जकड़ा होने के परिणाम स्वरूप उनकी शैक्षिक प्रगति में वांछित प्रगति नहीं कर पा रहा है। इसके साथ–साथ बालिका शिक्षा की प्रगति में बाधक निम्न समस्यायें है, जिनका विश्लेषण किया जा रहा है।

असुरक्षा की भावना :–

जनपद महोबा का घनत्व 249 व्यक्तिप्रति वर्ग कि.मी. है। इस आधार पर हम कह सकते है कि जनपद के ग्राम काफी विरले बसे हुये है। एक कि.मी. से अधिक दूरी पर प्राथमिक स्तर की छोटी बालिकायें तथा 3 कि.मी. 0 से अधिक दूरी पर जूनियर स्तर की बालिकायें जाने में स्वयं को असुरक्षित महसूस करती है। दूसरे बुन्देलखण्ड के कुछ निवासियों की अपराधिक पृवृत्ति इस असुरक्षा की भावना की अधिक बल प्रदान करती है, में पर्याप्त आर्थिक उपार्जन नहीं हो पाता है। अतः महिला एवं पुरूष दोनों मजदूरी करने के लिये घर से बाहर निकलते है तथा छोटे बच्चों की जबाबदारी लड़कियों पर रहती है। कुछ लड़कियाँ आर्थिक उपार्जन में परिवार का सहयोग भी करती है। इस कारण पढ़ाई से वंचित रह जाती है।

गृह कार्य में लगाना :–

जैसे ही बालिका कुछ बड़ी होती है। वैसे ही माँ बालिका को अपने सहयोगी बनाने लगती है, जिससे बालिका को विद्यालय न भेजकर माँ अपने साथ गृह कार्यों में समायोजित किये रहती है। परिणाम स्वरूप बालिका को अपनी शैक्षिक प्रगति की अभिचि नहीं रह जाती है और यह शिक्षा की मुख्य धारा से अलग हो जाती है। दूसरे कतिपय परिवार बच्चियो को चिट्ठी पत्री के पढ़ने व लिखने की लालसा से ही प्राथमिक स्तर तक की शिक्षा दिलाकर बन्द कर देते हैं और उन्हें पराया धन समझकर उनके प्रति और अधिकार खर्च करने का औचित्य नहीं समझते है।

बालिकाओं के लिए सुविधाओ का अभाव :–

महोबा जनपद में कुछ बस्तियाँ ऐसी है जिनमे निवास कर रहे समुदायों को शिक्षा हेतु दूसरी बस्तियों में भेजना पड़ता है, जिनमें आने–जाने की व्यवस्था नहीं होती है, जिससे ऐसी

बस्त्यों की बालिकायें आगे की शिक्षाधारा से विलग हो जाती है। दूसरे माता–पिता की बालिका–बालिका के प्रति भिन्न विचारधारा होने के कारण माता–पिता बालक जैसी सुविधायें बालिकाओं को नहीं देते। जो बालिका शिक्षा की प्रगति में अवरोधक बनती है और महिला साक्षरता के प्रतिशत को प्रभावित करती है।

सह शिक्षा :–

जन समुदाय में आज भी जेन्डर भेद की भावना व्याप्त है, जिसके कारण जिन बस्तियों में बालिका शिक्षा की व्यवस्था बालकों के साथ–साथ उन बस्तियों के अभिभावक अपनी बालिकओं को विद्यालय को भेजकर शिक्षा प्राप्त कराना उचित नहीं मानते। जिसे उनकी मानसिक अवधारणा ही कहा जा सकता है। इसके प्रतिशोध में जन समुदाय को जागरूक करना आवश्यक ही हनी अनिवार्य प्रतीत होता है। यदि जन समुदाय के लोगों में जेण्डर भेद की भावना समाप्त हो जाये तो बालिकाओं को शिक्षा की धारा से जोड़कर बालिका शिक्षा की प्रगति की जा सकती है।

महिला शिक्षकों की कमी :–

जनपद महोबा में पुरूष अध्यापकों की तुलना में महिला अध्यापकों की संख्या कम है, जिससे प्रत्येक विद्यालय मे महिला अध्यापक उपलब्ध करा पाना असम्भावित प्रतीत होता है। जैसाकि लोगों की धारणा हे कि बालिकायें महिला अध्यापक से अपनी समस्याओ को जिस प्रकार उजागर कर सकती हैं उस प्रकार पुरूष अध्यापक से नहीं। पुरूष अध्यापक बालिकाओं की समस्यओं को कारगर ढ़ंग से निष्पादित भी नहीं कर पाते है। अभिभावक भी अध्यापक के रूप में अपनी बालिकाओ के लिये महिलाओं को वरीयता देते है। इस कारण विद्यालय में महिला अध्यापक का होना आवश्यक हैं।

मजदूरी के लिये औद्योगिक क्षेत्रों का पलायन :–

जनपद मे रोजी–रोटी का साधन न होने के कारण कुछ परिवार इस हेतु औद्योगिक नगरों को पलायन कर जाते हैं जो सितम्बर–अक्टूबर में पलायन कर मार्च–अप्रैल मे वापस आते हैं जो कि शिक्षा का सत्र होता है। इन परिवारों के बच्चे मुख्य रूप से बालिकायें पढ़ने से वंचित रह जाती हैं। कुछ परिवार पढ़ाई हेतु लड़कों को तो रिश्तेदारों के यहाँ छोड़ देते है परन्तु लड़कियों

को रिश्तेदारों के यहाँ नहीं छोड़ा जाता हैं और इन्हें साथ में ले जाया जाता है। जहाँ इनका प्रवेश विद्यालयो में नहीं दिलवाया जाता हैं। खेती किसानी के समय भी इन लड़कियों को विद्यालय नहीं भेजा जाता है। बल्कि कृषि कार्य में लगा दिया जाता है, जिस कारण लड़कियों का ड्राप आउट बढ़ जाता है।

रणनीति एवं कार्यक्रम

क. सामुदायिक गतिशीलता के कार्यक्रम

1. मीना कैम्पेन :–

मीना एक यूनीसेफ द्वारा की गयी फिल्म है जो बालिका शिक्षा ठहराव बालक बालिका भेद काम के महत्व आदि बिन्दुओं को दर्शाती है, जिसके प्रदर्शन से गाँव के लोग बालिका शिक्षा के प्रति एवं उनकी समानता के प्रति संवेदनशील होते है बालिकायें भी विद्यालय जाने के प्रति उत्सुक होती है।

प्रदर्शन एवं पूर्व तैयारी :–

फिल्म प्रदर्शन के पूर्व गाँव एवं स्थान का चयन करना होता है इसके चयन को उन गाँवों को वरीयता दी हाती है जहाँ बालिकाओं के प्रति भेदभाव अधिक है तथा बालिकाओं का नामांकन एवं ठहरव कम है। इन गाँवो का चयन करके गाँव वासियों के साथ सम्पर्क किया जात है उन्हें दिन तथा कार्यक्रम की जानकारी दी जाती है गोष्ठी में बालिकाओं के प्रति उनकी विचारधारा की जानकारी ली जाती है तथा उसे मीना केम्पेन पूव प्रश्नावली में भरा जाता है साथ ही साथ प्रदर्शन के पूर्व पूरी ग्राम सभा का वातावरण सृजन किया जाता है।

प्रदर्शन :–

फिल्म का प्रदर्शन सामुदायिक स्थान पर किया जाता है स्थान इस प्रकार चयनित किया जाता है जो कि सुरक्षित एवं विवाद रहित हो वहाँ पर पर्याप्त मात्रा में समुाय आ सके फिल्म प्रदर्शन के पूर्व गाँव वालों को संक्षिप्त जानकारी दी जाती है। बाद में फिल्म का प्रदर्शन किया जाता है। प्रत्येक कहानी बाद गाँव वालों से उसकी समीक्षा करायी जाती है।

अनुश्रवण :–

प्रदर्शन के बाद फिल्म समीक्षा एवं अनुश्रवण किया जायेगा जिसमें गाँव वालों से मीना कैम्पेन पश्चात् प्रश्नावली भरवायी जायेगी तथा इस बात का अनुश्रवण किया जायेगा कि क्या गाँव वालो की विचारधारा में परिवर्तन आ रहा हैं अथवा नहीं।

आयोजन का समय :–

फिल्म दिखाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के नामांकन एवं ठहराव में वृद्वि करना है। अतः इसके प्रदर्शन के लिये जून–जुलाई एवं नवम्बर–दिसम्बर के माह सर्वोत्तम होते हैं क्योंकि इन्हीं महीनो में क्रमशः नामांकन एवं ठहराव का कार्यक्रम सर्वोत्तम होता है।

2. माँ–बेटी मेला :–

माँ–बेटी मेला माताओ एवं बेटियों को एक मंच पर लाकर उनकी बीच की दूरियों को समाप्त करवाता है। इसका आयोजन भी ऐसे स्थलों पर किया जाता है जहाँ महिला साक्षरता दर कम हो क्योंकि जहाँ एक निरक्षर माँ अपनी बेटी विद्यालय भेजने के बजाय गृह कार्य में लगाना चाहती हैं वहीं बेटी पढ़ने के इच्छुक रहती है। इस मेले मे सामूहिक रूप से पढ़ाई के बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया जाता है तथा विद्यालय जाने में आने वाली समस्याओं पर एक दूसरे के सुझाव लिये जाते है।

आयोजन पूर्व प्रक्रिया :–

आयोजन के पूर्व गाँवो में वातावरण का सृजन किा जाता है व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाता है। ऐसे स्थलों को चयन किया जाता है। जहाँ आने–जाने में सुविधा हो स्थल सार्वजनिक एवं विवाद रहित हो तथा जहाँ पर्याप्त मात्रा में मातायें एवं बेटियाँ एक साथ हो सके।

आयोजन प्रक्रिया :–

माताओं द्वारा उनके अनुभवों के प्रस्तुतीकरण के साथ प्रस्तुतिकरण किया जाता है। तदोपरान्त बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया जाता है। इसमें मुख्य रूप से बालिकाओं की शिक्षा को मुख्य बिन्दु बनाया जाता है। मेले के दौरान उन बालिकाओं को सम्मिलित किया जाता है जो पढ़ाई, उपस्थिति विशेष गतिविधियों संगीत खेल आदि में अग्रिम रहती हैं साथ ही साथ मेले के दौरान स्वल्पाहार की व्यवस्था की जाती है।

अनुश्रवण :–

अनुश्रवण में इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाता है कि महिलाओं में बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता हो बालिकाओं का नामांकन एवं ठहराव लक्ष्योन्मुख हो साथ ही साथ शत–प्रतिशत सम्प्राप्ति का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

आयोजन अवधि :–

मेले का उद्देश्य नामांकन एवं ठहराव अतः इसे सम्पूर्ण सत्र में क्रमशः संचालित किया जायेगा।

3. विभिन्न समितियों का गठन एवं बैठकें

ग्राम शिक्षा समिति :–

ग्राम शिक्षा समिति का गठन ग्राम सभा स्तर पर किया जाता है जिसमें गाम प्रधान अध्यक्ष वरिष्ठ प्रधान अध्यापक सचिव तथा तीन अभिभावक सदस्य होते है जिसमें एक महिला अभिभावक का होना अनिवार्य है। ग्राम शिक्षा समिति के गठन का प्रमुख उद्देश्य जन समुदाय को शिक्षा से जोड़ना है। ग्राम शिक्षा समिति की प्रत्येक महिला गोष्ठी का आयोजन किया जाना अनिवार्य है। इमें ग्राम शिक्षा समिति को शिक्षा से सम्बन्धित विभिन्न क्रियाकलापों से अवगत कराया जाता है। साथ ही साथ शिक्षा सम्बन्धी समस्यों ज्ञात की जाती है। ग्राम शिक्षा समिति का प्राविधान पंचायत राज अधिनियम के अन्तर्गत किया गया है। ग्राम सभा स्तर पर जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम एवं सर्व शिक्षा अभियान की विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने उनका अनुश्रवण करनेएवं पर्यवेक्षण करने की जबाबदारी ग्राम शिक्षा समितियों की है। जनपद महोबा में समस्त 231 ग्राम शिक्षा समितियों का गठन कर लिया गया है। साथ ही साथ उनका प्रशिक्षण भी करा लिया गया है। कुछ ग्राम सभा में इनकी नियमितत बैठके भी प्रारम्भ हो गयी हैं परन्तु फिर भी अभिप्रेरण की आवश्यकता है। अतः सर्व शिक्षा अभियान में इनके दो दिवसीय अभिप्रेरण प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है।

महिला प्रेरक समूह :–

गाँव स्तर जहाँ महिला साक्षरता दर कम हैं एवं बस्तियों की दूरी विद्यालय से अधिक है वहाँ महिला प्रेरक समूहों का गठन किया गया है। इनमे ऐसी महिलाओं का चयनित किया गया है

जो समर्पित हों एवं सशक्त हों इन महिलाओं का कार्य बालिओं के समूह को एकत्र कर विद्यालय तक भेजना होगा साथ ही साथ महिलाओं का अभिप्रेरण करना भी इनका कार्य होगा। प्रत्येक महिला प्रेरक समूह में 10 से 12 महिलायें होगी। इन समूहों का गठन सतत तीन वर्ष तक होता रहेगा तथा सम्पूर्ण जनपद में समूहों का गठन कर लिया जायेगा, जिनका प्रशिक्षण भी करवाया जायेगा। वर्तमान में जनपद में लगभग 100 समूहों का गठन कर लिया गया है।

माता शिक्षक संघ/अभिभावक शिक्षक संघ :–

माता शिक्षक संघ/अभिभावक शिक्षक संघ में ऐसी माताओं/अभिभावकों को सम्मिलित किया जायेगा जिनके बच्चे विभिन्न वर्गों से या जिनके बच्चे विभिन्न क्षेत्रों की योग्यता रखते हैं इनमें 9 माताओं/अभिभावकों को सम्मिलित किया जायेगा तथा एक शिक्षक भी इसका सदस्य रहेगा। इनका गठन प्रत्येक विद्यालय में कयिा जोयगा अभी समस्त आदर्श शंकुल के विद्यालयों में इनका गठन कर लिया गया है। इन संघों के गठन का प्रमुख उद्देश्य अभिभावकों एवं माताओं तथा अध्यापको के मध्य की दूरियो को कम करना एवं बच्चों की समस्याओ से एक दूसरे को अवगत कराना है। तदोपरान्त इस प्रकार का माहोल बनाना जिससे कि बच्चो की समस्याओं को दूर किया जा सके एवं अध्यापन के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। इन संघों के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत की जा रही है।

4. विशेष नामांक अभियान :–

जनपद की मूल समस्या शैक्षिक सत्र में बच्चों के द्वारा नाम कटा लेना है इन बच्चों को विद्यालय से पुनः जोड़ने के लिये एवं ऐसे बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिये जिन्होनें सितम्बर तक नाम नहीं लिखवाया विशेष नामांकन अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत ऐसे बचों के अभिभावकों से डोर–टू–डोर सम्पर्क किया जायेगा तथा बीच सत्र में ही अनौपचारिक रूप से इनका नामांकन करवाया जायेगा।

5. कला जत्था :–

जनपद में औपचारिक रूप से किसी भी कला जत्था का गठन नहीं किया गया है परन्तु अनौपचारिक रूप से विद्यालय स्तर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न कराये

जा रहे है। इनका मुख्य थीम बेटी हो स्कूल में रहता ह। इसेक साथ–साथ गाँव वालों द्वारा नुक्कड़ नाटको का प्रयोग किया जाता है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 15–15 प्रस्तुतियो का प्राविधान विकास खण्ड स्तर पर करवाया जायेगा जिससे कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिल सके।

6. <u>रैलियाँ एवं नारे लेखन</u> :–

स्कूल चलो अभियान के समय के अतिरिक्त अन्य समयों पर भी ग्रम सभा स्तर पर रैलियाँ एवं नारे लेखन का आयोजन किया जाता है, जिसका प्रमुख विषय बालिका शिक्षा बनाया जाता है इस हेतु सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 5000 रूपये प्रति विकास खण्ड की दर से प्राविधान किया जा रहा है।

7. <u>ठहराव परिक्रमा</u> :–

नामांकन के बाद प्रमुख उद्देश्य विद्यालय में बालिकाओं के ठहराव की होती है। इस हेतु अभिभावकों ग्राम शिक्षा समिति सदस्यों शिक्षकों तथा बच्चों को साथ लेकर उन स्थ्ज्ञानों पर परिक्रमायें निकाली जाती है, जिन स्थानें के बच्चे विद्यालय नहीं आते या जिनकी उपस्थिति कम रहती है। ऐसे बच्चों को उनके दरवाजे के सामने नाम लेकर पुकारा जाता है, जिससे वे विद्यालय जाने के लिये अभिप्रेरित हो साथ ही साथ अभिभावक के अन्दर बच्चे को विद्यालय भेजने की उत्सुकता जाग्रत होती है। इन परिक्रमाओं में नारों तथ गीतों का प्रयोग किया जाता है। ये परिक्रमायें परिस्थितियों के अनुसार साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक सम्पन्न करायी जा सकती है।

8. <u>अन्य कार्यक्रम</u> :–

बालिकाओं के नामांकन एवं ठहराव के लिये प्रत्येक पंचायत स्तर पर वर्ष बार मेले का आयोजन किया जायेगा साथ ही साथ प्रतिवर्ष आडियों एवं वीडियो टेप्स का भी निर्माण बालिकाओं की शिक्षा की जाग्रति के लिये किया जायेगा, जिसके लिये प्रतिवर्ष 10–10 हजार रूपये का प्राविधान सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया गया है।

ख. बालिका शिक्षा हेतु क्षमता संवर्धन

1. जिला संदर्भ समूह, ब्लाक संदर्भ समूह का गठन एवं प्रशिक्षण :–

बालिका शिक्षा के क्षेत्र में जाग्रति लाने हेतु जिला संदर्भ समूह एवं ब्लाक संदर्भ समूहों का गठन किया गया है। इसमें विभिनन शिक्षविदों जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। जिला संदर्भ समूह की प्रत्येक तीन माह मे गोष्ठी आयोजित की जाती है। इसी प्रकार ब्लाक संदर्भ समूहों की गोष्ठियों का आयोजन भी सतत किया जाता हे। इन गोष्ठियों में बालिका शिक्षा से सम्बन्धित कई विषयों पर चर्चा की जाती है एवं समस्याओं और रणनीतियों पर विस्तृत प्रकाश डाला जाता है। इनके प्रशिक्षण की व्यवस्था सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत की गयी है।

2. बी.आर.सी., एन.पी.आर.सी. एवं अध्यापकों का प्रशिक्षण :–

जनपद के समस्त बी.आर.सी., एन.पी.आर.सी. तथा अध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जेन्डर संवेदीकरण हेतु कराया जायेगा जिसमें अनन्त, असीम आदि मोडयूल का प्रयोग किया जायेगा। इस प्रशिक्षण में मूलतः बालिकाओं की शैक्षिक समस्याओं उनके प्रति अभिभावकों एवं अध्यापकों द्वारा किये जाने वाले भेदभाव आदि पर विस्तृत चर्चा की जायेगी।

3. ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण :–

जनपद की समस्त 231 ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण सम्पन्न करा लिया गया है। जिसमे प्रयास एवं संकल्प मोडयूल का उपयोग किया गया है। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में डेढ़ दिन का कार्यक्रम केवल बालिका शिक्षा से सम्बन्धित रखा गया था। जनपद मे इस प्रशिक्षण में 25 सदस्यों की जगह औसत 50 व्यक्तियों ने प्रतिभग किया साथ ही साथ बालिका शिक्षा से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग किया। प्रत्येक प्रशिक्षण को ग्राम सभा स्तर पर सम्पन्न कराया गया था। इनका प्रशिक्षण ब्लाक संदर्भ के सदस्यों द्वारा सम्पन्न कराया गया।

4. महिला प्रेरक समूह/एम.टी.ए./पी.टी.ए. का प्रशिक्षण :–

जेण्डर संवेदीकरण हेतु इन सघों का दो दिवसीय प्रशिक्षण गाँव स्तर पर सम्पन्न कराया जाना। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्राविधानित किया गया है। इसमें प्रत्येक डब्लयू.एम.जी./

एम.टी.ए./पी.टी.ए. का प्रशिक्षण राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्तर ट्रेनर्स द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा। इन प्रशिक्षणों का मुख्य् उद्देश्य महिलओं को माताओं को, अभिभावकों को बालिका शिक्षा के प्रति अभिप्रेरित करना है।

ग. अन्य रणनीतियाँ

1. असेवित बस्तियों में प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों की स्थापना :-

बालिकाओं को शिक्षा की पहुँच बनाने के लिये असेवित बस्तियों में 18 प्राथमिक विद्यालय 84 उच्च प्राथमिक विद्यालय 100 विद्या केन्द्र, 1110 ज्ञानशाला, 95 ज्ञानकेन्द्र की स्थापना की जायेगी। 18 प्राथमिक विद्यालयों में से 5 प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत की जायेगी जबकि 13 प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत की जायेगी। इन विद्यालयों के स्थापना का वर्षवार विवरण सारिणी 6.3 में दिया गया है, जबकि वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो की स्थापना का वर्षवार विरण सारिणी 7.4 में दिया गया है।

2. शौचालय की व्यवस्था :-

बालिकाओं के विद्यालय न जाने का एक कारण विद्यालय मे शौचालय का अभाव भी होता है। अतः जनपद में 369 असेवित प्राथमिक विद्यालयो में एवं 11 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शौचालय का प्राविधान किया गया है, जिसमें से 266 विद्यालयों में शौचालय निर्माण जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत करवाया जायेगा जबकि अवशेष 174 विद्यालयों में शौचालय सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत करवाया जायेगा। इनका वर्षवार विवरण सारिणी मे किया गया है।

3. शिशु शिक्षा केन्द्रों की स्थापना :-

लड़कियों के विद्यालय न आने का एक प्रमुख कारण छोट बच्चो की देखभाल करना होता है। इस बिन्दु को दृष्टिगत रखते हुये सर्व शिक्षा अभियान 270 शिशु शिक्षा केन्द्रो की स्थापना प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में की जा रही है।

शिशु शिक्षा केन्द्रों की स्थापना के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित है।

1. 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य की स्थिति सुधारना।
2. बीमारी, कुपोषण और स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या व बाल मृत्यु दर में कमी लाना।
3. बाल विकास को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न विभागों मे नीति और उनके अमल में लाने के उपायों के कार्यान्वयन में प्रभावकारी समन्वय स्थापित करना।
4. उचित पोषण आहार एवं स्वास्थ्य शिक्षा द्वारा बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य और पौष्टिक आवश्यकताओं की देख–रेख के लिए माताओं को योग्य बनाना एवं 11–18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं का चयन एवं उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेवाएं प्रदान करना।

निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण :–

जनपद मे बच्चो द्वारा शिक्षा न ग्रहण करने का कारण अभिभावकों का आर्थिक पिछड़ापन है। इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुये जिला प्राथमिक शिक्षा के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के बालकों एवं समस्त बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण हेतु सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रावधानित किया जा रहा है।

सत्र 2003–04 से सत्र 2004–05 तक प्राथमिक स्तर के राजकीय परिषदीय एवं सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयो के लिये जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम द्वारा एवं आगामी वर्षो में सर्व शिक्षा द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का प्रावधान किया जा रहा है। राजकीय परिषदीय एवं सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयो में अनुसूचित जाति के बालकों एवं समस्त बालिकाओं के लिये निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का प्रावधान सर्व शिक्षा अभिान के अन्तगत किया जा रहा है।

निःशुल्क पाठ्य पुस्तक हेतु संख्या राजकीय/परिषदीय एवं सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों के बच्चों हेतु।

सत्र	प्राथमिक स्तर			उच्च प्राथमिक स्तर		
	कुल बालिका	अनु.जा.बालक	योग	कुल बालिका	अनु.जा.बालक	योग
2003–04	–	–	–	14484	3582	
2004–05	–	–	–	14787	3659	
2005–06	54048	16551	75599	15116	3738	
2006–07	55094	18140	73234	15443	3819	
2007–08	58372	19882	78254	15777	3902	
2008–09	60942	21791	82733	16117	3986	
2009–10	67266	23882	87148	16465	4072	

उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु कम्प्यूटर शिक्षा का प्रावधान :–

सत्र 2003–04 मे जनपद में 126 परिषदीय विद्यालय संचालित है तथा 56 विद्यालय सत्र में स्वीकृत हो चुके है। इस प्रकार उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 82 हो जाती है। इस प्रकार आगामी सत्र हेतु 15 अतिरिक्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों का प्रावधान रखा गया है। इस प्रकार कुल उच्च प्राथमिक विद्यालय की संख्या 197 हो जाये। इन 197 विद्यालयो में से 100 विद्यालयो में कम्प्यूटर शिक्षा का प्रावधान सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया जा रहा है।

क्रियाकलाप	2003–04	2004–05	2005–06	2006–07
उ.प्रा.विद्यालय हेतु कम्प्यूटर	–	40	30	30

शिशु शिक्षा केन्द्रो की स्थापना

क्रियाकलाप	2003–04	2004–05	2005–06	2006–07
E.C.C.E. केन्द्र	–	200	70	–

मार्डन क्लिस्टर डिवलबमेन्ट एप्रोच

क्रियाकलाप	2003–04	2004–05	2005–06	2006–07
M.C.D.A.	35	39	39	39

विकलांग बच्चों का विवरण :–

परिवार सर्वेक्षण के दौरान कराये गये जनपद में कुल विकलाँग बच्चो की संख्या 1403 आंकलित की गई है। इनमें सर्वाधिक बच्चे शारीरिक अक्षमता से सम्बद्व थे। विभिन्न वय वर्ग के विकलाँग बच्चो की गणना निम्नानुसार है।

जातिवार विकलाँग बच्चो का विवरण

वर्ग	बालक		बालिका	
	6 से 11	11 से 14	6 से 11	11 से 14
सामान्य	79	35	38	10
अनु.जा.	157	95	102	48
पिछड़ी जाति	342	151	158	65
अल्पसंख्यक	43	20	14	8
योग	651	309	312	131

विकलाँगता के प्रकार के आधार पर वर्गीकरण

कारण	बालक		बालिका	
	6 से 11	11 से 14	6 से 11	11 से 14
1. दृष्टि	55	16	35	15
2. सुनना	70	21	16	14
3. बोलना	43	24	24	11
4. अधिगम अक्षमता	31	11	15	08
5. मानसिक मन्दता	78	42	34	15
6. शारीरिक अक्षमता	331	157	161	66
7. अन्य	43	38	27	02

अध्यापक अनुदान :–

परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के समस्त अध्यापकों एवं शिक्षामित्रों एवं राजकीय तथा सहायतित मान्यता प्राप्त प्रत्येक विद्यालय के तीन–2 अध्यापकों को सहायक शिक्षण सामग्री तैयार करने हेतु रूपया 500 सौ की दर से प्रति वर्ष उपलब्ध कराया जायेगा, जिससे अध्यापक सहायक सामग्री के माध्यम से व्यवहारिक उपयोग कराते हुये बच्चो को, उचित शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध कराये।

घ. विशेष क्षेत्रों हेतु रणनीतियाँ

जनपद महोबा मध्य प्रदेश से लगा हुआ जिला है। यहाँ कई क्षेत्र ऐसे है जो बालिका शिक्षा में विशेष रूप से पिछड़े हुये हैं। इस क्षेत्र में बालिका शिक्षा की जाग्रति लाने के लिये कई कार्यक्रम चलाये जाने प्राविधान सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया गया है। जनपद मे मूलरूप से जैतपुर, पनवाड़ी एवं कबरई विकास खण्ड के कुछ क्षेत्र विशेष रूप से बालिका शिक्षा की समस्याओं से ग्रसित है। इनके लिये निम्न कार्यक्रम सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्राविधानित किये जा रहे है।

1. माडल क्लस्टर डवलपमेन्ट एप्रोच :–

माडल क्लस्टर डवलपमेन्ट एप्रोच का उद्देश्य मानक में आने वाली न्याय पंचायतों को शिक्ष के क्षेत्र मे आगे लाना है। इन न्याय पंचायतों में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ सम्पन्न करायी जाती है। जिससे कि अभिभावकों की जागरूकाता बढ़े बालिकाओं एवं बालकों का शत–प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव हो साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में गुड़वत्ता वृद्वि हो।

चयन :–

एम.सी.डी.ए. हेतु ऐसी न्याय पंचायतों का चयन किया जाता है जो निम्न मानकों को पूरा करें।

1. न्यून महिला साक्षरता दर।
2. बालिकाओं का ठहराव एवं नामांकन कम।
3. एस.सी.एस.टी. बाहुल्य।
4. सक्रिय ग्राम शिक्षा समितियाँ।
5. शैक्षिक पिछड़ापन।

सदस्य :–

एन.सी.डी.ए. के निम्न सदस्य होते है।

1. विशेषज्ञ बेसिक शिक्षाधिकारी।
2. जिला समन्वयक बालिका शिक्षा/सामुदायिक सहभागिता।
3. न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र समन्वयक।
4. विशेष वर्गों के सदस्य/जन प्रतिनिधि।
5. जागरूक महिलायें।

2. ग्रीष्म कालीन शिविर :–

जन क्षेत्रों में बालिकाओं का ड्राप आउट अधिक होता हैं वहाँ पर ग्रीष्म कालीन शिविर चलाये जाते है। इन शिविरों में ड्राप आउट वाली बालिकाओं का प्रवेश दिलाया जाता है। जिनकी न्यूनतम संख्या 30 होती है। इनमें मुख्य रूप से 9–14 वय वर्ग की बालिकायें सम्मिलित की जाती है। शिविरि का मुख्य उद्देश्य इन बालिकाओं को विद्यालय से जोड़ना है। शिविर के उपरान्त इन बालिकाओं के नामांकन की जबाबदारी शिविर चलाने वाले शिक्षकों की होती है। जनपद महोबा में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रतिवर्ष 40 शिविरों का प्राविधान किया गया है।

3. विशेष आवासीय शिविर :–

जिन बच्चों के अभिभावक व्यवसाय हेतु गाँव से पलायन कर जाते हैं या जिन गाँवो

में विद्यालय सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे गाँव के बच्चों हेतु आवासीय शिविर/ब्रिज कोर्सों की स्थापना की गयी है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जनपद मे प्रतिवर्ष ऐसे दो शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिन्हें ब्लाक मुख्यालय पर सम्पन्न किया जायेगा। जनपद के चारों विकास खण्ड इन शिविरों से आच्छादित किये जायेगें। इन शिविरों का प्रमुख उद्देश्य पहुँच से दूर वाली बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है।

4. उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं के लिए कार्यानुभव :-

जनपद की विशेष स्थिति को देखते हुए उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं के शत –प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव के लिए करके सीखने की विधि पर जोर दिया जायेगा। इसके अन्तर्गत बालिकाओ को विभिन्न गतिविधियों के आधार पर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करायी जायेगी। इसमे बालिकाओं की रूचि के साथ–साथ उनके भविष्य को देखते हुए उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने के लिए भी शिक्षित करने की व्यवस्था सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत की जोयगी। इसके अन्तर्गत खिलौने बनाना, ग्रीटिंग बनाना, कला चित्रण, कुटीर उद्योग आधारित शिक्षा रंगाई, सिंलाई, कढ़ाई, बुनाई आदि विभिन्न गतिविधियों में शिक्षित करने की व्यवस्था का प्रावधान सर्वशिक्षा मे किया जा रहा है। इसके साथ–साथ बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु मार्शल आर्ट्स सिखाने की व्यवस्था का भी प्राविधान किया जा रहा है। इस प्रकार बालिकायें कृषि पशुपालन, पुस्तक कला, धातुकला आदि से सम्बन्धित विधाओं में पारंगत होंगी।

क्रियाकलाप	2003–04	2004–05	2005–06	2006–07
S.U.P.W.	08	08	08	08

5. जेन्डर संवेदीकरण प्रशिक्षण :-

बालिकाओं की शिक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए जनपद के समस्त प्राथमिक/उच्च प्राथमिक स्तर के अध्यापकों को जेन्डर संवेदीकरण प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसमें से प्राथमिक स्तर के केवल उन्हीं अध्यापकों को सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिन विद्यालयों की स्थापना सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत की गई है। अन्य प्राथमिक स्तर के अध्यापकों का प्रशिक्षण जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत दिया जायेगा।

उच्च प्राथमिक स्तर के समस्त अध्यापकों का प्रशिक्षण सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया जाना प्राविधानित है, जिससे कि उनकी विचारधारा में बालक–बालिकाओं के प्रति कोई भेद न हरे, साथ ही साथ ग्राम शिक्षा समितियों माता अध्यापक संघ, अभिभावक अध्यापक संघ, महिला प्रेरक समूह आदि के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी सर्वशिक्षा अभियान के अन्तगत की जायेगी। इनका प्रशिक्षण सेवारत अध्यापक प्रशिक्षण के साथ कराया जायेगा।

समेकित एवं सम्मिलित शिक्षा :–

देश की लगभग 10 प्रतिशत जनता किसी न किसी विकलांगता से ग्रसित है, जिसका कारण इन बच्चों के अभिभावक ऐसे बच्चों का विद्यालय नहीं भेजते, कुछ अभिभावक इन्हें विद्यालय में प्रवेश दिला भी देते है तो इन बच्चों को अध्यापकों एवं सहपाठियों की उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है, जिससे इन बच्चों में हीन भावना आ जाती है तथा ये विद्यालय जाने से दूर भागने लगते है। परिणाम ये होता है कि शिक्षा के सार्वजनिकरण का लक्ष्य अपूर्ण रह जाता है जबकि ऐसा देखने मे आया है कि एक अक्षमता के बावजूद ऐसे बच्चे किसी विशेष क्षेत्र में आगे होते है।

सर्वेक्षण :–

जिला प्राथमिक योजना के अन्तर्गत जनपद में कक्षा 1 लेकर कक्षा 8 तक के समस्त बच्चों का चिकित्सीय प्रशिक्षण 2000–01 में कराया गया, जिसमें परिषदीय विद्यालय मेंपढ़ने वाले 728 बच्चे विकलांग बच्चों के रूप में चिन्हित किये। इसी योजना के तहत जनपद में एक जिा समन्वयक समेकित शिक्षा का पद भी स्थापित किया गया। जनपद में विकास खण्ड कबरई एवं चरखारी को योजनान्तर्गत लाया गया है। जहाँ से दो ए.बी.आर.सी. समन्वयकों तथा दो एन.पी.आर. सी. समन्वयकों द्वारा 45 द्विवीय प्रशिक्षण इस क्षेत्र में राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा सम्पन्न कराया गया। प्रशिक्षण के बाद बच्चों का सर्वेक्षण कर चिन्हीकरण किया गया। सूक्ष्य नियोजन के अन्तर्गत विकलांग बच्चों का सवेक्षण प्रमुख रूप से कराया जा रहा है।

विकलांगता के प्रकार व एसेसमेंट :–

विकलांगता अक्षमता निम्न प्रकार की मानी जाती है।

1. दृष्टि विकलांगता।
2. श्रवण सम्बन्धी विकलांगता।
3. मांसिक मन्दता।
4. अधिगम अक्षमता।
5. अस्थि विकलांगता।

जनपद में इन विकलांगों की पहचान करने हेतु मेडिकल एसेसमेट कैम्प भी लगाये जा रहे है। प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए अधिकतम 5 कैम्प प्रति विकास खण्ड एवं उच्च प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए एक कैम्प प्रति विकास खण्उ का प्राविधान किया गया है। इन कैम्पों में चिकित्सा अधिकारी से सहयोग प्राप्त करके एक नेत्र सर्जन एक आर्थोपैडिक सर्जन तथा एक ई.एन.टी. को बच्चों के परिक्षण हेतु बुलाया जाता है, किन्तु जनपद महोबा में नाक, कान, गला विशेषज्ञ के अलावा आर्थोपैडिक सर्जन की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे परीक्षण में ब्यवधान पैदा होता है।

विशलेषण :–

विकलांगता पैदा होने के दो प्रकार होते है।

1. जन्म से विकलांगता।
2. जन्म के बाद किसी दुर्घटना होने के कारण विकलांगता।

शिक्षकों का सम्वेदीकरण प्रशिक्षण

जनपद के दो विकास खण्डों के समस्त अध्यापकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण डायट में कराया जायेगा। प्रत्येक बैच में 37 सदस्य हांगे तथा प्रति बैच की दर से रूपये 17200 का प्राविधान किया जायेगा। जनपद के इन अध्यापकों को प्रशिक्षित करते हुये मास्टर टेनर्स का समूह तैयार किया गया है, जिसका 10 दिवसीय प्रशिक्षण बरूआ सागर डायट जनपद झांसी का सम्पन्न करा लिया गया है। इस सप्रशिक्षण के दौरान अध्यापकों को विकलांग बच्चों के प्रति सहानतुभूति एंव उनकी शिक्षा की विधियों पर प्रकाशा डाला जोगा। इसके लिए जनपद में माडयूल का प्रकाशन भी करा लिया गया है।

उपकरण/संयत्रों का वितरण :–

सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत बच्चों को सीधे उपकरण उपलब्ध कराने की व्यवस्था ही है। फिर भी रूपये 1200 प्रति छात्र के हिसाब से प्राविधान किया जा रहा है। उपकरण उपलब्ध कराने के लिये मूलतः सहभागिता पर जोर दिया गया है, जिन प्रमुख संस्थाओं का प्रयोग बच्चों को उपमरण/संयंत्र दिलानये जाने हेतु प्राप्त किया जा सकता है वे निम्न है।

1. जिला कल्याण विकलांग विभाग।
2. रेडक्रास सोसायटी।
3. डिस्ट्रक अरबन डवलपमेन्ट एजेन्सी।
4. जिला ग्राम्य विकास अभिकरण।
5. कम्पोजिट फिटनेस सेन्टर।
6. एल्मिको (आर्टीफिसियल लिम मेनुफेक्चिरिंग कारपोरेशन)

उपर्युक्त संस्थाओं द्वारा विकलांग बच्चों को उपकरण करवाये जाते है। जिसमें डी. आर.डी.ए. एपिक स्कीम द्वारा बच्चों का उपकरण उपलब्ध करवाती है जबकि उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु एलिम को 60 प्रतिशत एवं सर्वशिक्षा अभियान के तहत 40 प्रतिशत का प्राविधान किा जायेगा। जनपद महोबा एक नवसृजित जिला है, जिसके कारण यहाँ पर कोई भी जनपद स्तरीय अस्पताल नहीं है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ही जनपद स्तर पर चिकित्सीय कार्य कर रहा है। इसमें किसी भी प्रकार की उपकरण सुविधायें उपलब्ध नही है। इसलिये सर्वशिक्षा अभियान में बजट का प्राविधान किया गया है। चिकित्सीय विशेषज्ञो में ई.एन.टी. विशेषज्ञ छोड़ के अन्य किसी विशेषज्ञ की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

स्वैच्छिक संगठनों का सहयोग :–

इन बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिये उपकरण संयंत्र उपलब्ध करवाने हेतु ऐसी स्वयं सेवी संगठनो का सहयोग लिया जा सकता है जो विशेष आवश्यकता बच्चों के लिये कार्य कर सकती हो, साथ निम्न योग्यतायें पूरी रखती हो।

1. संस्था सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट के अन्तर्गत कम से कम 3 वर्ष पूर्ण रजिस्टर्ड हो तथा नवीनीकरण हुआ हो।
2. संस्था के पास विकलांगता के क्षेत्र में विशेषज्ञ की उपलब्ध्ता।
3. विकलांगता के क्षेत्र में काम कने का कम से कम दो वर्ष का अनुभव हो।
4. संस्था विकलांगता उप अधिनियम 1955 की धारा 05 के अधीन पंजीकृत हो।

यद्यपि संस्थाओं का योगदान विशिष्ट आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए विशेष महत्व का हो सकता है, परन्तु जनपद महोबा में इस प्रकार की कोई भी संस्था कार्यरत नहीं है।

छात्र स्वास्थ्य परीक्षण :–

सन् 2000–01 में प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक में पढ़ने वाले समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परभ्क्षण जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम में द्वारा मेडीकल विभाग के सहयोग से कराया गया इसमें बालक तथा बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीाण हेतु 4 प्रकार के कार्ड छपवाये गये इसमें स्वेत कार्ड निरोगी बच्चों के लिय हरे कार्ड सामान्य रोगी के बच्चों के लिए पीले कार्ड गम्भीर बच्चों के लिए तथा लाल कार्ड अति गम्भीर रोगी बच्चों के लिये किये गये।

साथ ही साथ अभिभावकों को बच्चों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी गयी एवं प्रत्येक विद्यालय में एक रजिस्टर में इसका विवरण रखा गया है।

सत्र 2000–01–02 मे जिला प्राथमिक कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। इस बार प्रत्येक विद्यालय मे बच्चों के विवरण हेतु एक–एक पंजिका का प्राविधान किया गया है।

सामुदायिक गतिशीलता के कार्यक्रमः–

किसी भी योजना की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उस योजना से समुदाय कितना जुड़ा हुआ है और योजना समुदाय के लिये ही की जा रही हो तब इस स्थिति में उद्देश्य प्राप्ति के लिए समुदाय को योजना का प्रमुख अंग बनाना अनिवार्य हो जाता है।

प्री प्रोजेक्ट एक्टीविटीज :–

अप्रैल, 2000 से जनपद में संचालित जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत नियुक्ति जिला समन्वयक सामुायिक सहभागिता के सहयोग से विभिन्न आयामों के आधार पर समुदायों को गतिशील बनाया गया है। इन क्रियाकलापों का मुख्य उद्देश्य समुदाय में योजना विद्यालय इत्यादि के प्रति अपना पन का भाव पैरा करना तथा एवं आम नागरिकों में इस विचार को विकसित करना है कि योजना एव शिक्षा उने बच्चों के लिए लाभान्वित एवं अनिवार्य है, रहा है। इस योजना के अन्तर्गत निम्न क्रियाकलाप सम्पन्न कराये गये।

1. प्रशिक्षण ग्राम शिक्षा समिति :–

डी.पी.ई. के अन्तर्गत जनपद की 231 ग्राम सभाओं की ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षणं सम्पन्न करा लिया गया है। इस प्रशिक्षण में ग्राम शिक्षा समिति के अतिरिक्त ग्राम कोर कमेटी एम.टी.ए./पी.टी.ए. के सदस्य महिला प्रेरक दल` सदस्यों को भी शामिल किया गया है।

ग्राम कोर कमेटी इस जनपद की एक विशेष व्यवस्था है जिनमें प्रत्येक गाँव के प्रत्येक वार्ड के एक महिला एवं एक पुरूष का चयन किया गया है, जिसमें एक वार्ड मेम्बर सामिश रहता है। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को इसका सचिव सदस्यनामित किया गया है। साथ ही साथ ग्राम से सम्बन्धित एवं जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। इस प्रकार प्रत्येक ग्राम में 25–30 सदस्यों का एक समूह ग्राम कोर कमेटी का निर्माण करती है।

प्रशिक्षण के पूर्व ग्राम में दीवार लेखन किया गया एवं जागरूकता रैलीनिकाली गयी। प्रशिक्षण के अन्तिम दिन मुख्यतया उन अभिभावकों को आवश्यक रूप से आमंत्रित किया गया जिनके बचे मुख्य रूप से पढ़ने नहीं आते है तथा पाठ्यक्रम आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया अधिक्तर प्रशिक्षण में 50 से ऊपर प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। सर्व शिक्षा अभियान के अनतर्गत प्रत्येक दो वर्ष में पुर्नवोधात्मक प्रशिक्षण एवं 5 वर्ष के अन्तराल पर नवीप चयनित शिक्षा समितियों का संदर्भ प्रशिक्षण रखा जायेगा। जनपद में नगर शिक्षा समितियों काी गठन किया जा रहा है एवं इनके प्रशिक्षण हेतु राज्य परिनियोजना का भी अनुमति मांगे जाने का भी अनुमति का भी पत्रावली प्रस्तुत की जा रही है।

2. माइक्रो प्लानिंग :–

ग्राम शिक्षा समितियो में प्रशिक्षण के बाद डोर–टू–डोर सर्वे करके ग्राम सभा स्तर पर सूक्ष्य नियोजन किया जा रहा है। साथ ही साथ ग्राम शिक्षा योजना तैयार की जा रही है। प्राथम चक्र के समस्त प्रशिक्षण की समस्त 150 ग्राम सभाओं का सूक्ष्म नियोजना एवं ग्राम शिक्षा योजना तैयार की जा चुकी है। नगरो के सूक्ष्म नियोजन की अनुमति हेतु राज्य परियोजना कार्यालय को पत्रावली प्रेषित की जा रही है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रतिवर्ष इन आंकड़ों को अत्यतन किया जायेगा।

3. वातावरण सृजन :–

वातावरण सृजन हेतु जनपद मे लगभग प्रत्येक ग्राम सभा स्तर पर गोष्टियां आयोजित की गयी है। माननीय जिलाधिकारी को दिया निर्देशन सत्र 2000–01 में जनपद स्तर पर तीन बार विभिन्न शिक्षा विदों के साथ विचार विमर्श किया गया। माननीय मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य समस्त गाम प्रधान ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं प्रधान अध्यापकों की गोष्ठियाँ आयोजित की गयी, जिसमें विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता ए.बी.एस.ए./एस.डी.आई. आदि के साथ–साथ अन्य विभाग के अधिकारियों ने भी प्रतिभाग किया एवं योजना एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। स्कूल चलो अभियान के समय भी गोष्ठी व प्रभात फेरी दीवाल लेखन होल्डर पम्पलेट वैच आदि के द्वारा विशाल स्तर पर वातावरण सृजन का कार्य किया गया इसी दौरान

सर्व शिक्षा अभियान में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समुदाय का सक्रिय सहयोग अति **आवश्यक है। पंचायतीराज** व्यवस्था के अन्तर्गत विकेन्द्रीकृत प्रक्रिया के अनुसार विभिन्न स्तरों **पर समितियों का गठन** किया जा चुका है एवं सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत ब्लाक शिक्षा **समितियों को सुदृढ़ीकृत** एवं क्रियाशील बनाने पर जोर दिया जायेगा। शैक्षिक गोष्ठियों, **नामांकन, ठहराव परिक्रमा** सूक्ष्म नियोजन, शैक्षिक नियोजन एवं क्रियान्वयन आदि शिक्षा से **संबंधित समस्त विकास** कार्यो एवं एस.एस.ए. के सार्वभौमिकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु **पंचायतीराज समितियों** का सहयोग लिया जायेगा।

ए.बी.एस.ए./एस.डी.आई. एवं अध्यापक के सहयोग से बच्चे द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराये गये।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वातावरण सृजन का विशेष जोर देने हेतु प्रतिवर्ष 1000 रूप्या प्रति ग्राम सभा की दर से खर्च करने का प्राविधान किया जायेगा।

4. विद्यालय उन्नति में समुदाय का सहयोग :–

जनपद महोबा मे विद्यालय के विकास मे भी समुदाय का अच्छा सहयोग रहा है। ग्राम वासियों को नोटीबेसन द्वारा 4–5 ग्राम सभाओं ग्राम प्रधानों एवं जन सहयोग विद्यालयो मे चाहर दीवारी का निर्माण कराया गया विकास खण्ड पनवाड़ी में जन सहयोग से विद्यालय भवन के निर्माण में 60 प्रतिशत का भुगतान कर विद्यालय निर्माण कराया तीन जगह गाम सभा की भूमि उपलब्ध करायी गयी सत्र 2000–01 मे 23 विद्यालयों सामुदायिक शिक्षकों द्वारा अध्ययन कार्य किया गया। कुछ विद्यालय में ग्राम वासियों द्वारा बागवानी का कार्य भी सम्पन्न किा गया। कई जगह ग्राम वासियों द्वारा विद्यालय की सुरक्षा का निश्चय किया गया।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जन समुाय को विद्यालय मे भौतिक एवं मानसिक सहयोग देने हेतु प्रेरित किया जायेगा। इससे जहाँ एक ओर विद्यालय को भौतिक सहायता प्रदान होगी वहीं दूसरी ओर जन समुदाय मे विद्यालय के प्रति अपने पन का भाव जाग्रत होगा यथा सम्भव खेल सामग्री ग्राम वासियों के सहयोग से प्राप्त की जायेगी। गरीब बच्चों के लिये आवश्यक शिक्षण सामग्री ही समुदाय के सहयोग से प्राप्त हो जायेगी।

5. स्वयं सेवी संगठनों की सहभागिता :–

समुदाय को गतिशील बनाने के लिये स्वयं सेवी संगठनों का भी सहयोग लिया जायेगा। इन संगठनों का सहयोग ग्राम शिक्षा समिति प्र0 परिवार सर्वेक्षण सूक्ष्म नियोजन ग्राम शिक्षा योजना शैक्षिक मानचित्रण आदि के मिर्नाण के समय किया जायेगा। स्वजल जेसी स्वं सेवी संगठनों द्वारा विद्यालयों द्वारा बागवानी तार फेसिंग आदि के लिये सहयोग प्राप्त किया जायेगा इस विभिन्न प्रकार के सहयोग लेने हेतु स्वयं सेवी संगठनों का चिन्हीकरण जनपद स्तर पर निर्धारित प्रक्रिया एवं पारदर्शी व्यवस्था द्वारा किया जायेगा, जिसमे ख्याति प्राप्त एवं अनुभवी स्वयं सेवीसगठनों के प्रस्ताव आमंत्रित किये जायेंगे। इनका डेस्क टाप अप्रेजल तथा फील्ड प्रेजल स्थानीय अधिकारियों द्वारा किया जायेगा और संस्तुति प्रदान की जायेगी। स्वयं सेवी संगठनों के चयन का निर्णय माननीय जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला परियोजना।

अध्याय–9
गुणवत्ता सम्बर्धन

1. शैक्षिक योग्यता :–

महोबा जनपद शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ जनपद है। 1991 की जनगणना के आधार पर महोबा जनपद की साक्षरता दर 36.50 प्रतिशत थी यद्यपि 2001 की जनगणना के आधार पर यह बढ़कर 54.23 प्रतिशत हो गयी परन्तु फिर भी महिला साक्षरता दर 39.57 प्रतिशत है, जिससे जैतपुर विकास खण्ड की साक्षरता दर 1991 में मात्र 12.6 प्रतिशत थी एवं पनवाड़ी साक्षरता मात्र 13.4 प्रतिशत थी। इसके आधारपर यह कहा जा सकता है कि यहाँ पर महिला साक्षरता दर बहुत कम है। सन् 1995 के पूर्व जनपद मुख्यालय हमीरपुर था जो कि यहाँ के प्रत्येक गाँव से न्यूनतम 60 कि.मी. की दूरी पर स्थित था जिसके कारण यहाँ पर शैक्षिक सुविधाओं का पर्याप्त विकास न हो सका।

अ. शैक्षिक सुविधायें :–

वर्तमान मे शैक्षिक सुविधाओं की व्याख्या निम्नानुार है :–

सारणी सं. 9.1

क्र.	विद्यालय का प्रकार	परिषदीय/शासकीय			मान्यता प्राप्त विद्यालय			कुल योग		
		ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग
1.	परिषदीय प्राथमिक वि.	586	16	602	45	81	126	631	97	728
2.	उच्च प्राथमिक विद्यालय	178	04	182	27	35	62	205	39	244
3.	केन्द्रीय वि. पद्वति से	–	03	03	–	–	–	–	03	03
4.	नवोदय विद्यालय	–	01	01	–	–	–	–	01	01
5.	हाईस्कूल	02	01	03	12	02	14	14	03	17
6.	इंटरमीडिएट	04	02	06	05	03	08	09	05	14
7.	डिग्री कालेज	–	01	01	–	–	–	–	01	01
8.	स्नातकोत्तर महाविद्यालय	–	01	01	–	–	–	–	01	01

अध्यापकों की संख्या :–

जनपद में वर्तमान में चल रहे 602 प्राथमिक विद्यालयों में 45 विद्यालय में डी.पी.ए. पी. द्वारा स्वीकृत हुये हैं तथा 11 विद्यालय एस.एस.ए. द्वारा स्वीकृत है। कुल 1236 अध्यापक कार्यरत है, जिससे स्पष्ट है कि यहाँ पर अध्यापकों क संख्या बहुत कम ही सारणी 2.1 से स्पष्ट है कि यहाँ पर अध्यापक छात्र अनुपात 1.57 है उच्च प्राथमिक 126 विद्यालयो में कार्यरत अध्यापकों की संख्या मात्र 231 है, जिससे स्पष्ट है कि प्रति विद्यालय अध्यापकों की संख्या 3 भी नहीं है।

ब. अध्यापक शैक्षिक योग्यता :–

जनपद में कार्यरत कुल 1281 प्राथमिक अध्यापकों में से 5 अध्यापको की योग्यता हाईस्कूल से कम है तथा 152 अध्यापक मात्र हाईस्कूल पास है। 4 अध्यापक ऐसे भी है जो अभी तक प्रशिक्षित नहीं है निम्न सारणी से अध्यापकों की योग्यता स्पष्ट होती है।

सारणी 9.2

क्र.	शैक्षिक योग्यता	प्राथमिक विद्यालय			उच्च प्राथमिक विद्यालय		
		प्रशिक्षित	अप्रशिक्षित	योग	प्रशिक्षित	अप्रशिक्षित	योग
1.	हाईस्कूल से कम	05	–	05	–	–	–
2.	हाईस्कूल	152	–	152	05	–	05
3.	इंटरमीडिएट	356	–	356	70	–	70
4.	स्नातक	408	04	412	87	–	87
5.	परास्नातक	356	–	356	107	–	107

अध्यापक अनुभव :–

जनपद मे प्राथमिक स्तर में 185 ऐसे अध्यापक है जिनका कार्यानुभव 5 वर्ष से कम है तथा 38 अध्यापक ऐसे है, जिनका कार्यानुभव 30 वर्ष से अधिक है, स्पष्ट है कि जहाँ नये अध्यापकों को शिक्षण की विधाओं की जानकारी देना आवश्यक नहीं पुराने अध्यापकों को नयी विधियों से अध्यापक कराने की विधाओं का ज्ञान कराना आवश्यक है निम्न सारिणी के आधार पर अध्यापकों का शिक्षण अनुभव देखा जा सकता है।

सारणी 9.3

क्रम	शिक्षण अनुभव	प्राथमिक स्तर	उच्च प्राथमिक स्तर
1.	5 वर्ष से कम	185	55
2.	5 वर्ष से 10 वर्ष	189	75
3.	10 वर्ष से 15 वर्ष	187	35
4.	15 वर्ष से 20 वर्ष	258	12
5.	20 वर्ष से 25 वर्ष	208	17
6.	25 वर्ष से 30 वर्ष	167	25
7.	30 वर्ष से अधिक	38	12
	योग	1232	231

स. भवन स्थिति :–

सारणी 2.5 एवं 2.6 से स्पष्ट है कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के लिये शैक्षिक भौतिक सुविधाओं का पर्याप्त अभाव है। प्राथमिक स्तर के 49 एव उच्च प्राथमिक सतर के 7 विद्यालय जीर्ण–शीर्ण अवस्था में ही मानक के आधार पर प्राथमिक स्तर की 18 तथा उच्च प्राथमिक स्तर की 84 बस्तियाँ असेवित है। दोनो विद्यालयों मे मिलाकर 380 विद्यालय शौचालय रहित है तथा 489 विद्यालय चहार दीवारी विहीन है।

बेस लाइन सर्वेक्षण :–

वर्ष 1999–2000 में किये गये बेस लाइन सर्वेक्षण के आँकड़ों से स्पष्ट है कि कक्षा–2 में भाषा विषय के बच्चों का अधिगम स्तर 59.90 है जबकि मानक विचलन 31.56 है इनमें से जहाँ 31.4 बालक तथा 36.3 प्रतिशत बालिकाओं का अधिगम स्तर 40 प्रतिशत से कम है। वहीं 37.1 प्रतिशत बालकों तथा 23.3 प्रतिशत बालकों का अधिगम स्तर 80 प्रतिशत से अधिक है। कक्षा–2 गणित विषय में अधिगम स्तर का मध्यमा 64.79 प्रतिशत है जबकि मानक विचलन 30.33 है। 40 प्रतिशत अधिगम स्तर से कम लड़कों का प्रतिशत 24.2 एवं लड़कियों का प्रतिशत 35.7 है। 80 प्रतिशत से अधिक अधिगम स्तर वाले लड़के 44.7 प्रतिशत तथा लड़कियां 29.4 है। कक्षा–5 में भाषा विषय में बच्चों का मध्यमान अधिगम स्तर 46.12 है जिसमे 40 प्रतिशत तथा से कम अधिगम वाले लड़के 36.7 जबकि लड़कियां 38.4 है। इस प्रकार 80 प्रतिशत से अधिक अधिगम स्तर वाले लड़के 4.5 प्रतिशत जबकि लड़कियों का प्रतिशत 2.5 है। इसी कक्षा के गणित विषयों मे कक्षा के बच्चों का अधिगम स्तर 21.72 है। जिसमें 40 प्रतिशत से कम अधिगम वाले लड़के 79.9 तथा लड़कियां 80.5 है। जबकि 80 प्रतिशत से अधिक अधिगम वाले लड़कों का प्रतिशत 1 और लड़कियों का प्रतिशत 0 है।

सारणी 9.4

कक्षा	विषय	मध्यमान	मानक विचलन
कक्षा–2	भाषा	59.9	31.56
कक्षा–2	गणित	64.79	30.33
कक्षा–5	भाषा	46.12	13.63
कक्षा–5	गणित	21.72	14.23

अधिगम स्तर

सारणी 9.5

कक्ष	विषय	न्यूनतम अधिगम स्तर 40 प्रतिशत से कम		बौद्धिक अधिगम स्तर 80 प्रतिशत से अधिक	
		बालक	बालिका	बालक	बालिका
कक्षा–2	भाषा	31.4	36.3	37.1	23.3
कक्षा–2	गणित	24.2	35.7	44.7	29.4
कक्षा–5	भाषा	36.7	38.4	4.5	2.5
कक्षा–5	गणित	79.9	80.5	1.00	00

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि भाषा एवं गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों में कक्षा–5 के बच्चों का अधिगम स्तर बहुत कम है। 80 प्रतिशत से अधिक अधिगम वाले बच्चों की स्थिति नगन्य है जबकि 40 से अधिक अधिगम वाले बच्चों की स्थिति अधिक है। यद्यपि कक्षा–2 के बच्चों के साथ यह स्थिति तुल्नात्मक दृष्टि से ठीक है परन्तु उसे संतोषजनक नहीं का जा सकता है। इसमें सुधार के उपाय करना उचित है।

2. विद्यालय श्रेणीकरण :–

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जुलाई, 2001 से नवम्बर 2001 के मध्य 496 विद्यालयों के सर्वेक्षण के आधार पर निम्न विवरण प्राप्त हुआ।

सारणी 9.6

क्रम	विकास खण्ड का नाम	स्कूलों की सं. जिनका निरीक्षण हुआ	श्रेणी			
			A	B	C	D
1.	कबरई	178	27	110	41	–
2.	चरखारी	101	00	77	24	06
3.	जैतपुर	94	08	57	23	–
4.	पनवाड़ी	123	–	70	53	–
	योग	496	35	314	141	06

3. आँकड़ों का विश्लेषण :–

उपर्युक्त आँकड़ों का विश्लेषण करने से स्पष्ट है कि A श्रेणी के विद्यालयों की संख्या 35 है जो कि सर्वेक्षण कराये गये कुल विद्यालय की संख्या का 5 प्रतिशत से कम है। सर्वाधिक श्रेणी के इन विद्यालयों की श्रेणी कम होने का प्रमुख कारण इन विद्यालयों में भौतिक सुविधाओं का अभाव है साथ ही साथ अध्यापकों की कमी अध्यापकों पर काम का बोझ तथा अध्यापकों की अध्यापन के प्रति उदासीनता भी इसका एक महत्वूपर्ण कारण है।

बेस लाइन स्टडी के अध्ययन से एक बात और स्पष्ट उभर कर आती है कि जहाँ कक्षा–2 में भाषा एवं गणित में शैक्षिक उपलब्धि 60 प्रतिशत से अधिक है। वहीं कक्षा–5 की भाषा में जनपद के बच्चों की शैक्षिक उपलब्धि 50 प्रतिशत से कम है। गणित में तो जनपद के बच्चे न्यूनतम अधिमान स्तर 40 प्रतिशत से भी नीचे है।

4. गुणवत्ता सुधार के उपाय :–

गुणवत्ता सुधार प्रत्येक योजना का एक प्रमुख उद्देश्य रहा है। जहाँ प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम में गुणवत्ता सुधार पर विशेष बल दिया गया। वहीं सर्व शिक्षा अभियान में भी गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। गुणवत्ता सुधार हेतु न केवल जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के सहयोग की आवश्यकता ही नहीं बल्कि अन्नेक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिन संस्थानों की प्रमुख भूमिका गुणवत्ता संवर्धन में हो।

1. डायट की भूमिका

डायट की स्थिति :–

जनपद महोबा उ.प्र. के दक्षिण में तथा मध्य प्रदेश के उत्तर में स्थित बुन्देलखण्ड का एक केन्द्र बिन्दु है। इसके पूर्व में जनपद बाँदा पश्चिम में झांसी उत्तर में जनपद हमीरपुर तथा दक्षिण में छतरपुर म0प्र0 स्थित है।

जनपद महोबा का धरातल लगभग 60 प्रतिशत पठारी/पहाड़ी तथा 30 प्रतिशत मैदानी एवं 10 प्रतिशत जंगली क्षेत्र के अन्तर्गत आता हे। जनपद में कुल 3 तहसीलें है चरखारी, महोबा, कुलपहाड़। महोबा जनपद मे पत्थर तोड़ने का कार्य लकड़ी एवं पान की खेती का प्रमुख धन्धा है। यह संस्थान जनपद महोबा के चरखारी नगर में स्थित है। नगर चरखारी की भौगोलिक

स्थिति सुन्दर है। बिनध्याचल पर्वत की ऊँची नीची पर्वत श्रृखला एवं आकर्षक स्वर्ण कमलों से आच्छादित है तथा सरोवरों से घिरा है। वर्ष 1988–89 में इसी नगर में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना हुई थी जो 1993–94 में अपनी कार्यवृत्ति में परिवर्तित हुआ तबसे लगातार वर्तमान समय तक डायट के सभी उद्देश्यों एवं कार्यों की पूर्ति में संलग्न है। डायट चरखारी को निम्नांकित मूलभूत सुविधायें उपलब्ध है।

महोबा से चरखारी की दूरी	–	21 कि.मी. बस द्वारा
रेलवे स्टेशन चरखारी रोड	–	11 कि.मी.
रेलवे स्टेशन, महोबा	–	16 कि.मी. बस द्वारा
मुख्यालय लखनऊ से दूरी	–	235 कि.मी. बस द्वारा
निकटतम डाकघर	–	स्थानीय

संस्थान का निर्माण हो जाने के बाद शासन द्वारा अनेक शैक्षिक कार्यक्रम तैयार किये गये संस्थान के पाठ्यक्रम में विभाग एवं शासन द्वारा निम्नांकित विभाग स्थापित किये गये।

1. सेवा पूर्व प्रशिक्षण विभाग।
2. सेवारत प्रशिक्षण विभाग।
3. तकनीकी विभाग।
4. कार्यानुभव विभार्ग
5. नियोजन एवं प्रबन्धन विभाग।
6. पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन विभाग।
7. जिला संसाधन इकाई।

उक्त सभी विभागों के संचालन में प्राथमिक शिक्षा के विकास एवं उत्थान को गति प्रदान करना है, जिसके आधार पर संस्थान की निम्नलिखित भूमिका है।

1. <u>सेवा पूर्व प्रशिक्षण विभाग</u> :–

क : सेवा पूर्व प्रशिक्षण को प्रभावी एवं उपादेय पूर्ण बनाना।

ख : सेवा पूर्व प्रशिक्षण के अनुसार कुशल एवं प्रभावी निष्ठावान, कर्तव्यनिष्ठ तथा योग्य अध्यापक एवं प्रयोगात्मक पाठ्य सहगामी क्रियायें तैयार करना।

2 <u>सेवारत प्रशिक्षण विभाग</u> :–

सेवारत अध्यापकों में प्रेरणादायक प्रशिक्षण देकर जिले की शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाकर स्तरीय बनाया जाता है, जिसके लिये निम्नलिखित प्रक्रियाओं को विकसित किया जाता है।

1. प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण एवं सर्व सुलभता हेतु कार्य योजना का क्रियान्वयन।
2. सीखने की दक्षता का विकास करना।
3. शिक्षण प्रक्रियाओं में बच्चों की सक्रिय भागीदारी।
4. प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना।
5. सेवारत शिक्षकों के शिक्षण की नयी विधियों बाल केन्द्रित नई जानकारियों तथा शिक्षकों की कार्यकुशलता को बढाना है।
6. जनपद को शैक्षिक संस्थाओं शिक्षकों बच्चों आदि की सेवा शर्तो में सुधार करना।
7. रूचि पूर्ण शिक्षा विधाओं का नियोजन एवं क्रियान्वयन।
8. सेवारत प्रशिक्षण विधाओं का नियोजन एवं क्रियान्वयन।
9. बालिका शिक्षा।
10. अपवंचित छात्र।
11. छात्रों में बर्तनी एवं सुलेख का सुधर करना।
12. विकलांग बच्चे।
13. ह्रास/अवरोध।
14. प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण।

3. <u>तकनीकी विभाग</u> :–

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को रूचि के अनुसार विषय विशेष में तकनीक का अनुभव के आधार पर तकनीकी शिक्षा का विकास करना।

1. विज्ञान में नवीन उपकरणों द्वारा प्रयोग का प्रशिक्षण देना, जिसके आधार पर कठिन पाठों को वातावरण के अनुसार सरल पद्यति का विकास करना।
2. ग्रामीण परिवेष के आधार पर अभिभावकों की स्थिति के अनुसार बच्चों को कैसे अधिकतम अधिगम समप्राप्ति की तकनीक का विकास करना।
3. दूरस्थ शिक्षा द्वारा अध्यापक को प्रभावी प्रशिक्षण देना।

4. कार्यानुभव विभाग :–

अध्यापकों के लम्बे कार्यकाल के अनुभव का बच्चों को अधिकतम लाभ दिलाना जैसे सामाजिक आर्थिक परिवेश के आधार पर खेल द्वारा शिक्षा को कैसे रूचिपूर्ण बनाना। संस्थान में प्रशिक्षण के दौरान अपने–अपने अनुभवों के आधार पर नवीन उपकरण तैयार करने की जानकारी समय–समय पर अध्यापकों को कार्यानुभव विभाग द्वारा प्रदान की जाती है।

5. नियोजन एवं प्रबन्धन विभाग :–

जनपद स्तर पर कितने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय 300 आबादी एवं 800 की आबादी के अनुसार विद्यालयों का जिले में आंकलन करना तथा शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिये क्या–क्या प्रबन्ध किये जा सकते है। उनके आंकड़ों को तैयार करना।

6. पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन विभाग :–

1. सतत् एवं मापक मूल्यांकन की व्यवस्थ करना।
2. शिक्षण अधिगम सामग्री तैयार करना।
3. मूल्यांकन एवं उनके हेतु टूल्स तैयार करना।

जिला संसाधन इकाई

1. साक्षरता में वृद्वि एवं गुणोत्तर में विकास।
2. अनौपचारिक शिक्षा एवं साक्षरता के उद्देश्य की सम्प्राप्तियों को पूरा करने हेतु शैक्षणिक सहयोग एवं माग निर्देशन करना।
3. शिक्षा में विभिन्न समुदाओं एवं शैक्षिक संस्थाओं के सहभागिता का निर्धारण एवं क्रियान्वयन करना।

सारणी 9.7

डायट में प्राप्त सुविधायें एवं आवश्यकतायें

क्रम	पदनाम	स्वीकृत पद	कार्यरत
1.	प्राचार्य	01	01
2.	उपप्राचार्य	01	01
3.	वरिष्ठ	06	01
4.	प्रवक्ता	17	02
5.	कार्यानुभव एल.टी.	01	01
6.	तकनीशियन	01	00
7.	सांख्यिकी	01	00
8.	कार्यालय अधीक्षक	01	—
9.	आशुलिपिक	01	—
10.	कनिष्ठ लिपिक	09	03
11.	प्रयोगशाला सहायक	02	—
12.	पुस्तकालय अधीक्षक	01	—
13.	परिचायक	05	03

गुणवत्ता संवर्धन में डायट द्वारा किये जा रहे कार्य :–

डायट द्वारा शैक्षिक प्रबन्धक के आधार पर वार्षिक कार्य योजना विकसित की गयी है। न्याय पंचायत विकास खण्ड तथा जनपद स्तर पर नियोजन एवं क्रियान्वयन के आधार पर प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणों के साथ–साथ प्रशिक्षार्णियों की क्षमता का विकास सोध मूल्यांकन नवाचार कार्यक्रमों का संचालन तथा अनुश्रवण सामग्री विकास ई.एम.एस. आंकड़ों का विश्लेषण उपयोग आदि प्रमुख दायित्वो का डायट द्वारा जनपद स्तर पर निर्वाह किया जायेगा।

इन कार्यक्रमों का समग्र लक्ष्य होगा कि शिक्षकों का कर्मस्थल पर सहयोग समर्थन प्राप्त करने की उपर्युक्त रणनीतियों का विकास करने हेतु क्षमता संवर्धन करना इस हेत डायट द्वारा निम्नवत् कार्यवाही की जायेगी।

क्षमता विकास करना :–

जनपद स्तर पर डायट की आकस्मिक नेतृत्व प्रदान करने की महत्वपूर्ण भूमिका होगा प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक शिक्षकों को विषय वस्तु तथा शिक्षण विद्या आधारित पशिक्षण प्राप्त करने बी.आर.सी./एम.पी.आर.सी. समन्यवको को पर्यवेक्षक के लिये प्रशिक्षित करने वैकल्पिक शिक्षा वी.ई.सी. प्रशिक्षण ई.सी.जी. प्रशिक्षण समेकित शिक्षा हेतु प्रशिक्षण आदि मुख्य दायित्यों के निर्वाहन हेतु डायट की क्षमता का विकास करने हेतु संस्थागत क्षमता विकास कार्यक्रम लागू किया जायेगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों तथा स्वयं सेवी संगठनों से रिसोर्सनेट वर्किंग भी की जायेगी। प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे न्यूनतम शोध – मूल्यांकनों का उपयोग कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सुनिश्चित किया जायेगा। डायट द्वारा ए.बी.एस. ए./एस.डी.आई. प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान अध्यापक एवं सहायक अध्यापक बी. आर.सी., समन्वयक एम.पी.आर.सी. समन्वयक की क्षमता का विकास विभिन्न प्रशिक्षणों के माध्यम से कराया जायेगा। राज्य स्तर के प्रशिक्षण संस्थानों में डायट के सदस्यों को प्रशिक्षित कराकर क्षमता में वृद्वि की जायेगी। वाह्य वार्ता आख्यान का आयोजन करके सहायक अध्यापकों में क्षमता का विकास किया जायेगा। उनमे नेतृत्व की क्षमता प्रबन्धन एवं नियोजन की क्षमता, शैक्षिक सपोर्ट की क्षमता का विकास किया जायेगा।

डायट के अन्तर्गत सर्व शिक्षा अभियान के तहत निम्न प्रकार के प्रशिक्षण सम्पन्न कराये जायेंगे।

1. शिक्षा मित्रों का अभिप्रेरण प्रशिक्षण :–

जनपद में विभिन्न वर्षा में कुल 664 शिक्षामित्रों का चयन किया जायेगा, जिसमें से 2004–05 तक कुल 333 शिक्षामित्रों का चयन जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत किया जायेगा। अवशेष शिक्षामित्रों का चयन सर्व शिक्षा अभियान के तहत होगा, जिनका 30 दिवसीय प्रशिक्षण होगा जिन पर 70 रूपया प्रतिदिन प्रतिव्यक्ति के हिसा से धनराशि खर्च की जायेगी।

2. सहायक अध्यापकों का अभिप्रेरण प्रशिक्षण :–

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समस्त चयनित प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर के सहायक अध्यापकों को 30 दिवसीय अभिप्रेरण प्रशिक्षण 30 रू. प्रतिदिन की दर से व्य करके

कराया जायेगा। सत्र 2002–03 में प्राथमिक स्तर के 282 अध्यापकों की नियुक्ति प्राथमिक स्तर में तथा 80 सहायक अध्यापकों की (20×4) की नियुक्ति उच्च प्राथमिक स्तर में सर्व शिक्षा के तहत की जायेगी। सत्र 2003–04, 2004–05, 2005–06 में उच्च प्राथमिक स्तर के क्रमशः 20,20,24 नये विद्यालय असेवित विद्यालय में खोले जायेंगे, जिनमें प्रति विद्यालय 4 सहायक अध्यापक नियुक्ति होगे। सहायक अध्यापकों की गणना सारणी संख्या 8.2 से की जायेगी। इस प्रकार वर्षवार विवरण सारणी सं. 9.8 में दिया गया है।

3. <u>उच्च प्राथमिक/प्राथमिक स्तर के प्रधान अध्यापकों का अभिप्रेरण प्रशिक्षण</u> :–

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत असेवित बस्तियों में खोले गये प्राथमिक स्तर के 13 तथा उच्च प्राथमिक स्तर के 84 प्रधान अध्यापकों का 20 दिवसीय अभिप्रेरण प्रशिक्षण डायट में सम्पन्न कराया जायेगा, जिसमें 70 रूपया प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के हिसा ब से व्य किया जायेगा, जिसका वर्षवार विवरण सारिणी 9.8 में दिया गया है।

4. <u>सेवारत अध्यापक प्रशिक्षण</u> :–

समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के सेवारत अध्यापकों का 20 दिवसीय प्रशिक्षण सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्राविधानित किया गया है, जिसमें 2004–05 तक प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों का प्रशिक्षण जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत कराया जायेगा। शेष वर्षों का प्रशिक्षण सर्व शिक्षा अभियान में कराया जायेगा। जिसमें 70 रूपये प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के हिसाब से धनराशि प्राविधानित की गयी है।

5. <u>सेवारत शिक्षामित्रो का प्रशिक्षण</u> :–

सेवारत शिक्षामित्रों का प्रशिक्षण 2004–05 तक जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम से तथा 2005–06 से इनका प्रशिक्षण सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कराया जायेगा। यह प्रशिक्षण 20 दिवसीय होगा, जिसमें 70 रूपये प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के दर से व्यय हेतु प्राविधानित किया जायेगा।

6. आचार्य एवं अनुदेशकों का अभिप्रेरणी प्रशिक्षण :–

शिक्षा गारन्टी योजनान्तर्गत शिक्षा घरों में कार्य करने वाले प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर के एवं बैक टू स्कूल कैम्प मे काम करने वाले आचार्य एवं अनुदेशकों का 30 दिवसीय अभिप्रेरण प्रशिक्षण डायट के निर्देशन में सम्पन्न कराया जायेगा, जिसमे 70 रूपये प्रतिदिन प्रति व्यक्ति की दर से प्राविधानित किया जायेगा।

7. पुर्नवोधात्मक कोर्स :–

शिक्षा मित्रो का 20 दिवसीय पुर्नवोधात्मक कोर्स योजना अवधि में दो बार सम्पन्न कराया जायेगा। इसी प्रकार आचार्य/अनुदेशको का भी पुर्नवोधात्मक कोर्स योजना अवधि में दो बार सम्पन्न कराया जायेगा, जिसमें 70 रूपये प्रतिदिन प्रति व्यक्ति की दर से व्यय प्राविधानित किया जायेगा।

8. बी.आर.सी./एन.पी.आर.सी. का पुर्नवोधात्मक प्रशिक्षण :–

शिक्षा सत्र 2005–06 एवं 2006–07 में बी.आर.सी./एन.पी.आर.सी. समवकों का पुर्नवोधात्मक प्रशिक्षण सम्पन्न कराया जायेगा, जिसमें सत्तर रूपये प्रतिदिन प्रति व्यक्ति की दर से व्यय किया जायेगा। यह प्रशिक्षण 20 दिवसीय होगा।

9. सन्दर्भ व्यक्तियों का प्रशिक्षण :–

जनपद के चारों विकास खण्डो में प्रति विकास खण्ड से तीन व्यक्तियों के आधार पर 12 संदर्भ वयिक्तयों का प्रशिक्षण डायट में सम्पन्न कराया जायेगा, जो 20 दिवसीय होगा, जिसमें 70 रूपये प्रतिदिन प्रति व्यक्ति की दर से व्यय किया जायेगा।

10. ए.बी.एस.ए./एस.डी.आई. प्रशिक्षण :–

सत्र 2005–06 से सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत तथा इसके पूर्व जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत ए.बी.एस.ए./एस.डी.बी.आई. का 5 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न कराया जायेगा, जिसमें 70 रूपये प्रतिदिन प्रति व्यक्ति की दर से प्राविधानित किया जायेगा।

11. उच्च प्राथमिक स्तर के अध्यापकों की कम्प्यूटर ट्रेनिंग :—

योजना अवधि में प्रतिवर्ष 15 उच्च प्राथमिक विद्यालय मे कम्प्यूटर शिक्षा प्राविधान किया गया, जिसमें अध्यापकों का प्रशिक्षण डायट द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा, जिस पर 1500 रूपये प्रति व्यक्ति की दर से खर्च किया जायेगा।

12. ग्राम शिक्षा समितियों का पुर्नवोधात्मक प्रशिक्षण :—

जनपद की समस्त 231 ग्राम शिक्षा समितियों का 2 दिवसीय पुर्नवोधात्मक प्रशिक्षण प्रतिवर्ष कराया जायेगा, जिस पर 30 रूपये प्रतिदिन प्रति व्यक्ति पर खर्च किया जायेगा।

13. समेकित शिक्षा सम्बन्धी अध्यापकों का पुर्नवोधात्मक प्रशिक्षण :—

जनपद के समस्त अध्यापकों का 0.5 दिवसीय समेकित शिक्षा सम्बन्धी पुर्नवोधात्मक प्रशिक्षण प्रतिवर्ष कराया जायेगा, जिसमें 70 रूपये प्रतिदिन प्रति व्यक्ति की दर से व्यय किया जायेगा।

सेमीनार/कार्यशाला

गुणवत्ता सम्वर्धन के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा करने हेतु डायट में सेमीनार का आयोजन प्रति वर्ष किया जायेगा, जिसमें विभिन्न विधाओं के महारथ शिक्षा विदों को आमंत्रित किया जायेगा। इन विद्ववानों द्वारा प्राप्त सुझावों को अध्यापकों तक पहुँचने की व्यवस्था की जायेगी। इस हेतु प्रतिवर्ष 2 लाख रूपये व्यय का प्राविधान किया जायेगा।

जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय की भूमिका

1. प्रशासनिक व्यवस्था :—

गुणवत्ता संवर्धन में जहाँ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की प्रमुख भूमिका है वहीं सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रति उप विद्यालय निरीक्षक की भी गुणवत्ता संवर्धन में एक प्रमुख भूमिका का निर्वहन करते है। इसी बिन्दु को दृष्टिगत रखते हुये जहाँ जिला स्तर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सर्व शिक्षा अभियान में जनपद स्तरीय समिति का सदस्य/सचिव नामित किया गया है। वहीं विकास खण्ड स्तर पर विकास खण्ड स्तरीय समिति का सदस्य/सचिव सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्रति विद्यालय निरीक्षक को रखा गया है। सहायक बेसिक शिक्षा

अधिकारी को पदेन विकास खण्ड परियोजना अधिकारी बनाया गया है तथा विकास खण्ड स्तरीय क्रिया कलापो का उत्तर दायित्व ए.बी.एस.ए./एस.डी.आई. को सौंपा गया है।

शैक्षणिक समय बढ़ाने के उपाय

विद्यालय सांख्यकी प्रपत्र से प्राप्त आंकाड़ों के आधार पर विद्यालय के कुल कार्य दिवस की संख्या का औसत 223 दिन रहा है, जिसमें से कम से कम 189 दिनो में शिक्षण कार्य सम्पन्न कराया गया साथ ही साथ ग्रीष्मवधि मे विद्यालय का समय सामान्यतः 6.30 बजे से 11.30 बजे तक रहता है, जिसमें अध्यापन कार्य मात्र 7 बजे से 11 बजे तक चलता है जिसे बढ़ाये जाने की आवश्यकता है, जबकि शिक्षण दिवसों की संख्या न्यूनतम 220 होनी चाहिए। इस हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आवश्यक अवकाशो की कटौती करने के साथ–साथ शिक्षण घंटों को भी बढ़ाये जाने की ओर ध्यान देना चाहिए। विद्यालय कार्य दिवसों का विवरण निम्नानुसार है :–

सारणी 9.8

कार्य का विवरण	प्राथमिक स्तर	उच्च प्राथमिक स्तर
शिक्षण दिवस	179	179
परीक्षा	15	20
अन्य कार्य	15	15
नष्ट हो जाने वाले दिन	04	04
समुदाय से सम्पर्क	10	05
योग	223	223

जिला परियोजना कार्यालय की भूमिका

गुणवत्ता संवर्धन हेतु जिला परियोजना कार्यालय को कई महत्वपूर्ण जबाबदारियाँ सौपी गयी है, जिसमें इनकी प्रमुख जबाबदारी, शिक्षण अधिगम सामग्री की व्यवस्था करने की है, इसके साथ–साथ जिला परियोजना कार्यालय की प्रमुख भूमिका निम्नानुसार है।

1. प्रबन्धन :–

जिला परियोजना कार्यालय में एक परियोजना अधिकारी (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी)

एक सहायक जिला परियोजना अधिकारी (उप बेसिक शिक्षा अधिकारी) चार समन्वयक, 2 सलाहकार एक ई.एम.आई.एस. अधिकारी तीन कम्प्यूटर आपरेटर एक सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, लिपिक, परिचालक, आदि कार्यरत रहेंगे। गुणवत्ता संवर्धन में इन सबका सहयोग लिया जायेगा। विकास खण्ड स्तर पर एक बी.आर.सी.एस. प्रभारी तथा दो ए.बी.आर.सी. समन्वयक एवं न्याय पंचायत स्तर पर एक एन.पी.आर.सी. समन्वयक गुणवत्ता संवर्धन हेतु कार्य करेगे।

2. <u>भौतिक सुविधायें</u> :–

जिला परियोजना कार्यालय का एक प्रमुख कार्य विद्यालयों को एवं अध्यापकों को भौतिक सुविधायें उपलब्ध कराना है। जिला परियोजना कार्यालय द्वारा जो भौतिक सुविधायें गुणवत्ता संवर्धन हेतु उपलब्ध करायी जा रही हैं, वह निम्न प्रकार है :–

<u>अध्यापक अनुदान</u> :–

प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर के प्रत्येक अध्यापक को एवं शिक्षा मित्र को 500 रूपये प्रतिवर्ष की दर से अध्यापक अनुदान शिक्षण अधिगम सामग्री के विकास हेतु दिया जायेगा। वर्तमान में जनपद में 1421 एवं सत्र 2003–04 में अनुमानित प्राथमिक अध्यापकों की संख्या 1984 होगी। साथ ही साथ जूनियर हाईस्कूल में अनुमानित कुल अध्यापकों की संख्या 655 होगी, जिनके लिये अध्यापक अनुदान की व्यवस्था सर्व शिक्षा अभियान के प्रथम वर्ष में की जायेगी। अन्य वर्षो में भी सारणी 8.2 के आधार पर प्राथमिक शिक्षकों के लिये तथा प्रति विद्यालय 5 अध्यापकों के आधार पर उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिये अध्यापक अनुदान की व्यवस्था की जायेगी।

<u>निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण</u> :–

जनपद मे बच्चो द्वारा शिक्षा न ग्रहण करने का कारण अभिभावकों का आर्थिक पिछड़ापन है। इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुये जिला प्राथमिक शिक्षा के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के बालकों एवं समस्त बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण हेतु सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रावधानित किया जा रहा है।

सत्र 2003–04 से सत्र 2004–05 तक प्राथमिक स्तर के राजकीय परिषदीय एवं सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयो के लिये जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम द्वारा एवं आगामी वर्षो

में सर्व शिक्षा द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का प्रावधान किया जा रहा है। राजकीय परिषदीय एवं सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयो में अनुसूचित जाति के बालकों एवं समस्त बालिकाओं के लिये निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का प्रावधान सर्व शिक्षा अभिान के अन्तगत किया जा रहा है।

निःशुल्क पाठ्य पुस्तक हेतु संख्या राजकीय/परिषदीय एवं सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों के बच्चों हेतु।

सारणी 9.9

सत्र	प्राथमिक स्तर			उच्च प्राथमिक स्तर		
	कुल बालिका	अनु.जा.बालक	योग	कुल बालिका	अनु.जा.बालक	योग
2003–04	–	–	–	14484	3582	
2004–05	–	–	–	14787	3659	
2005–06	54048	16551	75599	15116	3738	
2006–07	55094	18140	73234	15443	3819	
2007–08	58372	19882	78254	15777	3902	
2008–09	60942	21791	82733	16117	3986	
2009–10	67266	23882	87148	16465	4072	

पुस्तकालय :–

गुणवत्ता उन्नयन हेतु प्रत्येक विद्यालय में 150 रूपये प्रतिवर्ष की दर से पुस्तकें उपलब्ध कराकर पुस्तकालय की स्थापना की जायेगी, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

सारणी 9.10

सत्र	2002–03	2003–04	2004–05	2005–06	2006–07	2007–08	2008–09	2009–10
प्रा. विद्यालय	562	570	570	570	570	570	570	570
उच्च प्रा. वि.	131	161	185	185	185	185	185	185

मुद्रण :–

विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने एवं उनकी व्यवस्था करने हेतु विभिन्न प्रकार की मुद्रण की जायेगी, जो निम्न प्रकार होगी।

1. प्रति विद्यालय पाठ्यक्रम प्रिंटिंग।
2. अध्यापक का प्रशिक्षण माडियूल।

3. प्रति प्रशिक्षिक ट्रेनिंग गाइड।

4. प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक के प्रत्येक अध्यापक हेतु शिक्षण संदर्शिका।

5. आचार्य अनुदेशक हेतु प्रशिक्षण माडयूल।

अधिगम अनुश्रवण :–

योजना के दौरान तीन बार प्राथमिक स्तर पर एवं तीन बार उच्च प्राथमिक स्तर पर सम्बन्धित समस्त विद्यालयों के बच्चों का अधिगम कराया जायेगा, जिसमें 15000 रूपये प्रति विद्यालय की दर से व्यय किया जायेगा। यह अनुश्रवण प्राथमिक स्तर पर 2002–03, 2005–07 एवं 2007–08 में कराया जायेगा तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर यह अनुश्रवण 2003–04, 2006–07 तथा 2009–10 में कराया जायेगा।

पुरूस्कार :–

गुणवत्ता सुधारने हेतु प्रोत्साहन की व्यवस्था की गयी है। इसके लिये प्रतिवर्ष सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद के एक विद्यालय को पुरूस्कृत किया जायेगा, जिसमे जिला स्तर से 25000 रूपया का पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा।

सेमीनार वर्कशाप :–

जनपद के प्रत्येक विद्यालय पर प्रति विद्यालय की दर से 300 रूपये का प्राविधान सेमीनार एवं वर्कशाप हेतु रखा जा रहा है।

निरीक्षण पर्यवेक्षण

विभिन्न गतिविधियों के संचालन का पर्यवेक्षण जिला परियोजना कार्यालय अपने विभिन्न सहयोगियों के सहयोग से करायेगा, जिसमें जिला परियोजना अधिकारी, सहायक जिला परियोजना अधिकारी, जिला समन्वयक, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, ए.बी.एस.ए., एस.डी.आई. , बी.आर.सी., एन.पी.आर.सी. आदि होगे।

समन्वयकों की भूमिका :–

सर्व शिक्षा योजना अन्तर्गत विभिन्न स्तरों पर समन्वयको की व्यवस्था की गयी है।

जनपद में वर्तमान में जिला स्तर पर जिला समन्वयक, बालिका शिक्षा, जिला समन्वयक, प्रशिक्षण जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, तथा जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता कार्यरत है तथा जिला समन्वयक वैकल्पिक शिक्षा का पद रिक्त चल रहा है। इसके अतिरिक्त विकास खण्ड स्तर पर तथा न्याय पंचायत स्तर पर भी समन्वयको की व्यवस्था की गयी है। सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत भी विभिन्न स्तरो पर समन्वयकों का चन किया जाना प्रावधानित है। विभिन्न स्तरों के समन्वयकों की भूमिका निम्न प्रकार होगी।

जिला स्तरीय समन्वयकों की भूमिका :–

गुणवत्ता संवर्धन के लिए जनपद में जिला समन्वयक प्रशिक्षण कार्यरत है, जिसका प्रमुख कार्य विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणों में समन्वय स्थापित करना है। अध्यापकों एवं विद्यालय की श्रेणीकरण में डायट को सहयोग प्रदान करना। सहायक अधिगम सामग्री के निर्माझा में सहयोग प्रदान करना। साथ ही साथ अध्यापकों से समन्वयव स्थापित करते हुये विभिन्न योग्यता वाले अध्यापकों का समूह तैयार करके समस्त अध्यापकों की सहायता प्रदान कराना।

जिला समन्वयक बालिका शिक्षा केवल बालिकाओं के नामांकन एवं ठहराव के लिये ही उत्तरदायी नहीं है बल्कि बालिकाओं की शैक्षणिक गुणवत्ता के प्रति भी उत्तरदायी है। बालिकाओं की ओर अध्यापक का ध्यान अभिभावक का ध्यान दिलाते हुये भी मीना कैम्पज जैसे प्रोग्राम कराने का उत्तरदायित्व भी जिला समन्वयक बालिका शिक्षा का है।

विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिये एवं गुणवत्ता व आवश्यकताओ को सुनिश्चित करने के लिये जिला समन्वय समेकित शिक्षा कार्यरत है। बच्चो की शिक्षा व्यस्था सुनिश्चित राने हेतु विभिन्न उपकरण हेतु 1200 रूपये प्रति विकलांक बच्चों की दर से धनराशि का प्राविधान सर्व शिक्षा योजना के अन्तर्गत किया जा रहा है, जिससे कि बच्चे अध्ययन हेतु सजग रहें।

गुंणवत्ता संवर्धन में जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता का भी महत्वपूर्ण कार्य है। विभिन्न विभागों का सहयोग एन.टी.ए., पी.टी.ए., का प्रशिक्षण वी.ई.सी. प्रशिक्षण द्वारा समुदाय को सजग करना आडियों एवं वीडियो कैसेट का निर्माण कराकर विभिन्न प्रकार की शिक्षा विधाओं से अध्यापक को परिचित कराना। सबसे अच्छे शिक्षा मित्र एवं आचार्य व ग्राम शिक्षा समिति को पुरूस्कार वितरण कराना, उच्च प्राथमिक विद्यालय में कम्प्यूटर एवं बुक बैंक आदि के द्वारा जिला

जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता गुणवत्ता संवर्धन के लिए कार्य करते है।

जिला समन्वयक वैकल्पिक शिक्षा ऐसे बच्चों के लिए शिक्षा व्यवस्था कराते है जो किन्हीं कारणों से पढ़ने से वंति रह जाते है। मानक में न आने वाली बस्तियों में विद्या केन्द्रो की स्थापना करना व वैकल्पिक शिक्षा का है।

बी.आर.सी. समन्वयकों की भूमिका :–

गुणवत्ता संवर्धन में ब्लाक संसाधन केन्द्र समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सेवारत अध्यापकों का प्रशिक्षण कराने के साथ–साथ अन्य प्रकार के प्रशिक्षणों की जबाबदारी भी बी.आर.सी. समन्वयक की होती है। रूचिपूर्ण शिक्षा गतिविधि आधारित शिक्षा के द्वारा शिक्षा को व्यवहारिक आधार पर लाया जाता है। स्पष्ट है कि इन प्रशिक्षणों का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिगम स्तर को बढ़ाने की दिशा में प्रशिक्षण देना है। साथ ही साथ बी.आर. सी. समन्वयक से यह अपेखा की जाती है कि वह विद्यालय भ्रमण के दौरान आदर्श पाठ का प्रस्तुतीकरण कर अध्यापकों को पढ़ाई के तरीकों से अवगत करायें।

विकास खण्ड स्तर पर एक ब्लाक सन्दर्भ समूह प्रशिक्षण का गठन भी किया गया है, जिसमें विकास खण्ड के विभिन्न विषयो के योग्य अध्यापकों का चयन किया गया है, जिसका उद्देश्य अध्यापकों को अध्यापन के दौरान आने वाली विभिन्न परेशानियों का निदान करना है। यह सन्दर्भ समूह न्याय पंचायत स्तर से आने वाली अधपन की समस्याओ का भी निदान करेगा।

न्याय पंचायत समन्वयकों की भूमिका :–

न्याय पंचायत केन्द्र समन्वयक गुणवत्ता संवर्धन का मूल्य है। इससे अपेक्षा की जाती है कि यह एक सप्ताह में 3 विद्यालयों का भ्रमण कर वहाँ न्यूनतम दो दिन तक आदर्श पाठ प्रस्तुत करें, साथ ही साथ अध्यापकों की अध्यापन विधि का भी पर्यवेक्षण करें। शिक्षण के दौरान आने वाली उनकी समस्याओं का निदान करें एवं नयी विधियों से अध्यापकों को अवगत कराये न्याय पंचायत स्तर पर भी एक अध्यापकों का संदर्भ समूह गठित किये जाने का प्राविधान है। जिला स्तर पर भी एक अध्यापकों का संदर्भ समूह गठित किये जाने का प्राविधान है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत माह के अन्तिम शनिवार को अध्यापकों की एक गोष्ठी करायें जाने का प्राविधान है, जिसमें अध्यापकों द्वारा शिक्षण से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाता है।

ग्राम शिक्षा समितियों की भूमिका :–

ग्राम शिक्षा समितियों के गठन का मुख्य उद्देश्य योजना की गतिविधियों को मूर्त रूप प्रदान करना है इसमें तीन छात्र अभिभावकों को सदस्य बनाने का मूल उद्देश्य भी यही है कि वह विद्यालय की शिक्षण पर अपना ध्यान केन्द्रित करें एवं जरूरत पढ़ने पर सामुदायिक शिक्षक की व्यवस्था करें, जिससे की बच्चों की शिक्षण कार्य में व्यवधान उत्पन्न न हो।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2002 से 2007 तक प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना

	वर्ष 2002–03	वर्ष 2003–04	वर्ष 2004–05	वर्ष 2005–06	वर्ष 2006–07
कार्यशाला/सेमिनार प्राइमरी	आवयकताओं का आंकलन टी.एल.एम. कार्यशाला	आवयकताओं का आंकलन टी.एल.एम. कार्यशाला	1. आवश्यकताओं का आंकलन 2. गणित के कठिन स्थलों का चयन एवं प्राविधान 3. टी.एल.एम. कार्यशाला	आवश्यकताओं का आंकलन टी.एल.एम. कार्यशाला	आवश्यकताओं का आंकलन टी.एल.एम. कार्यशाला
अपर प्राइमरी	आवयकताओं का आंकलन टी.एल.एम. कार्यशाला	आवयकताओं का आंकलन टी.एल.एम. कार्यशाला	1. आवश्यकताओं का आंकलन 2. गणित के कठिन स्थलों का चयन एवं प्राविधान 3. टी.एल.एम. कार्यशाला	आवश्यकताओं का आंकलन टी.एल.एम. कार्यशाला	आवश्यकताओं का आंकलन टी.एल.एम. कार्यशाला
प्रशिक्षण प्राइमरी	मुख्य अध्यापक प्रशिक्षण गणित अध्यापक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण, अनुश्रवण मूल्यांकन	मुख्य अध्यापक प्रशिक्षण गणित अध्यापक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण, अनुश्रवण मूल्यांकन	1. मुख्य अध्यापक प्रशिक्षण 2. रोस्टर ट्रेनिंग 3. आवश्यकतानुसार आधारित प्रशिक्षण माड्यूल	मुख्य अध्यापक प्रशिक्षण अंग्रेजी अध्यापक प्रशिक्षण पर्यवेक्षक अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	मुख्य अध्यापक प्रशिक्षण अंग्रेजी अध्यापक प्रशिक्षण पर्यवेक्षक अनुश्रवण एवं मूल्यांकन
अपर प्राइमरी	पर्यावर्णीय अध्ययन अध्यापक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण, अनुश्रवण मूल्यांकन	अंग्रेजी अध्यापक प्रशिक्षण संस्कृत अध्यापक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण, अनुश्रवण मूल्यांकन	1. गणित अध्यापक प्रशिक्षण 2. विज्ञान अध्यापक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण अनुश्रवण मूल्यांकन	हिन्दी एवं व्यायाम स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण मूल्य आधारित प्रशिक्षण पर्यवेक्षक अनुश्रवण मूल्यांकन	पूर्व प्रशिक्षण का वृहद मूल्यांकन एवं अनुश्रवण
क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण	एस.डी.आई./ए.बी. एस.ए. का प्रशिक्षण क्षमता सम्र्धन में में अनुभूत समस्याओं पर	एस.डी.आई./ए.बी. एस.ए. का प्रशिक्षण क्षमता सम्र्धन में में अनुभूत समस्याओं पर	एस.डी.आई./ए.बी. एस.ए. का प्रशिक्षण क्षमता संवर्धन हेतु वी.आर.सी.सी. समन्वयक का	एस.डी.आई./ए.बी. एस.ए. का प्रशिक्षण समस्याओ का निराकरण तथा अन्य सुझाव	एस.डी.आई./ए.बी. एस.ए. का प्रशिक्षण समस्याओ का निराकरण तथा अन्य सुझाव
	वी.आर.सी./एन.पी. आर.सी. समन्वयक का प्रशिक्षण (विद्यालयों में समस्याओं के आंकलन पर)	वी.आर.सी./एन.पी. आर.सी. समन्वयक का प्रशिक्षण (विद्यालयो में समस्याओं के आंकलन पर)	प्रशिक्षण श्रेणीकरण अनुदेशक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	वी.आर.सी./एन.पी. आर.सी. समन्वयक का श्रेणीकरण का प्रभाव का आंकलन	वी.आर.सी./एन.पी. आर.सी. समन्वयक का श्रेणीकरण का प्रभाव का आंकलन
	अनुदेशक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	अनुदेशक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन		अनुदेशक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	अनुदेशक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन
	डायट संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण	डायट संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण	डायट संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण	डायट संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण	डायट संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण

	श्रेणीकरण	श्रेणीकरण	श्रेणीकरण	श्रेणीकरण	श्रेणीकरण
शोध	क्रियात्मक शोध प्रस्ताव 1. बी.आर.सी./एच. पी.आर.सी. स्तर पर 2. डायट स्तर पर	क्रियात्मक शोध प्रस्ताव 1. बी.आर.सी./एन. बी.आर.सी. स्तर पर 2. डायट स्तर पर	क्रियात्मक शोध प्रस्ताव 1. बी.आर.सी./एन. पी.आर.सी. स्तर पर 2. डायट स्तर पर	क्रियात्मक शोध प्रस्ताव 1. बी.आर.सी./एन. पी.आर.सी. स्तर पर 2. डायट स्तर पर	क्रियात्मक शोध प्रस्ताव 1. बी.आर.सी./एन. पी.आर.सी. स्तर पर 2. डायट स्तर पर
जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं	जनपद स्तर पर 1. सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2. विज्ञान प्रतियोगिता	जनपद स्तर पर 1. कला पतियोगिता 2. टी.एल.एम. प्रतियोगिता 3. विज्ञान प्रतियोगिता	जनपद स्तर पर 1. टी.एल.एम. प्रतियोगिता का आयोजन 2. कक्षा शिक्षण प्रतियोगिता	जनपद स्तर पर 1. टी.एल.एम. प्रतियोगिता 2. सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता	जनपद स्तर पर 1. विज्ञान प्रतियोगिता 2. टी.एल.एम. प्रतियोगिता

अध्याय 10

परियोजना कियान्वयन एवं अनुश्रवण

सत्र 2002 से 2007 तक चलने वाली सर्व शिक्षा योजना वर्तमान में चल रहे जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के सम्पूरक योजना जिसका कार्यकाल जनपद महोबा में सत्र 2000 से 2005 तक है। सर्व शिक्षा योजनान्तर्गत 6-11 आयुवर्ग के समस्त सम्वर्ग के बालक बालिकाओं को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने की संकल्पना की गई है। सभी कार्यक्रमों का प्रवन्धन उ0प्र0 सभी के लिये शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा किया जायेगा। सत्र 2007 तक पर्याप्त क्षमता एवं प्रवन्धन कौशल विकसित कर लिया जाने का लक्ष्य निर्धारित कर लिया गया है।

यद्यपि परियोजना का प्रबन्धन टीम भावना पर आधारित है, परन्तु व्यक्तिगत पहल के लिये पर्याप्त अवसर उपलब्ध होगे। प्रवन्धन एवं अनुश्रवण के लिये लोकतान्त्रिक पद्धति का विकास कर लिया गया है जिससे जन समुदाय सहभागिता सुनिश्चित की जा सके इसके लिये ग्राम स्तर ,न्याय पंचायत स्तर,विकास खण्ड स्तर,तथा जनपद स्तर पर विभिन्न प्रकार के संगठनों का निर्माण किया गया है जिसमें विभिन्न वर्गो के मुलतः अपवंजित वर्ग के व्यतियों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया है , जिसका उददेश्य सूक्ष्मतम स्तर पर ही योजना की विभिन्न गतिविधियो की सफलता एवं उनका कियान्वयन, अनुश्रवण,एवं उत्तरदायित्व का निर्धारणकिया जा सके ।

प्रबन्धनतन्त्र सम्वेदनशील और लचीली प्रणाली-

सर्व शिक्षा अभियान की समस्त प्रकियो में सामुदायिक सहभागिता प्राप्त करते हुये विकेद्रीकृत शैक्षिक प्रवन्धन प्रणाली स्थापित कर प्रारभिक शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त किया जाना है। इस व्यापक कार्य को सम्पादित के लिये प्रशानिक कार्यो के निष्पादन में उच्च कोटि का लचीलापन लावे जवावदेही सुनिश्चित की प्रणाली स्थपित करने वित्तीय निवेशों को इवाध प्रवाह प्रदान करने और सदाचारात्मक विधि ायों के साथ प्रयोग की सुविधा निर्मित करने के साथ उ0प्र0 सर्व शिक्षा अभियान ने एक प्रवन्धतन्त्र तैयार यिा है जो निम्नवत दर्शाया जा सकता है ।

संगठनात्मक ढांचा -

सर्व शिक्षा अभियान की गतिविधियों के कियान्वयन एवं अनुश्रवन के लिये विभिन्न स्तरो पर संगठनो का निर्माण किया गया है जो निम्न लिखित है।

1- ग्रम स्तर पर - जनपद महोबा में ग्रम स्तर पर दो प्रकार के संगठनो का निर्माण किया जा चुका है। जो निम्नवत है।

(अ) गाम शिक्षा समिति - ग्राम स्तर पर वेसिक शिक्षा सम्बन्धी समस्त कार्यो को पूर्ण करने हेतु वेसिक शिक्षा अधिनियम 1972 तथा संशेधित वर्ष 2000 के अन्तरगत ग्राम शिक्षा समिति का गठन किया गया है, जिसका स्वरूप निम्नवत है ।

अध्यक्ष - ग्राम पंचायत प्रधान।

सचिव - ग्राम पंचायत के वेसिक विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाध्यापक ।

सदस्य - वेकि विद्यालयो में अध्यनरत तीन बच्चों के अभिभावक जिसमें एक महिला होगी तथा सहायक वेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा नामित होगें।

समिति के अधिकार एवं दायित्व-

(क) पंचायत क्षेत्र में बेसिक विद्यालयो के कार्यो के निष्पादन हेतु प्रसाशन नियंत्रण, प्रवन्धन करना।

(ख) ऐसे बेसिक विद्यालयो के लिये विकाय प्रसार और सुधार के लिये योजनाये तैयार करना।

(ग) पंचायत क्षेत्र में बेसिक शिक्षा, वैकल्पिक शिक्षा, प्रौढ शिक्षा, की अभिवृद्धि एवं विकास करना।

(घ) पंचायत क्षेत्र के सीमाओं के भीतर किसी बेसिक विद्यालय के किसी अध्यापक व अन्य कर्मचारी पर ऐसी रीति में जिसे निहित की जाय लघु दण्ड देने की सिफारिस करना ।

(ड.) ऐसे समस्त आवश्यक कदम उठाना जो बेसिक विद्यालयो के अध्यापकों व कर्मचारियों के समय पालन एवं उपस्थित सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक समझे जाय।

(च) बेसिक विद्यालयो के भवनों एवं उपकरणो के सुधार के लिये जिला पंचायत को सुझाव देना ।

(ड.) बेसिक शिक्षा से सम्बन्धित ऐसे अन्य कृत्यो को करना जिन्हे राज्य सरकार द्वारा उसे सौपे जाय।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परियोजना यह समिति नीति निर्धारण के साथ साथ मुख्य कार्यदाई संस्था के रूप में कार्य कर रही है, जिसमें विद्यालय भवनों का निर्माण एवं मरम्मत , वातावरण सृजन ,शैक्षिक उपकरणो की पूर्ति आदि सम्मिलत है। इसके साथ ही साथ ग्राम शैक्षिक योजना एवं माइको प्लानिंग एवं शैखिक मानचित्रण हेतु प्रशिक्षण इन्हे सक्षम बना दिया गया है। इसके अन्य कार्यो में शिक्षा गारन्टी योजना केंन्द्र / वैकल्पिक शिक्षा केंन्द्र की मांग शिक्षामित्रों ,आचार्यो, अनुदेशकों, चयन एवं इनके मानदेय का भुगतान , छात्रवृत्तियों का वितरण,पोषाहार वितरण, निःशुल्क पाठय पुस्तक वितरण , साज सज्जा हेतु विद्यालय अनुदान ,का उपयोग आदि का पर्वेक्षण कार्य भी ग्राम शिक्षा समितियों का है।

(ब) ग्राम कोर कमेटी-

जनपद महोबा प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम एवं सर्व शिक्षा अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सामुदायिक सहभागिता प्राप्त करने के लिये ग्राम पंचायत प्रधान की अध्यक्षता में एक ग्राम कोर कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी को सदस्य तथा सचिव बनाया गया है जिसमें ग्राम पंचायत के समस्त बार्ड सदस्यो ग्राम कोंर कमेटी का सदस्य बनाया गया है साथ ही साथ प्रत्येक बार्ड में बार्ड सदस्य के साथ साथ एक विपरीत जेण्डर वाले योग्य कर्मठ व्यक्ति को सहयोगी के रूप में रखा गया है जिससे इसमें महिला एवं पुरूष का अनुपात 1:1 हो गया है एवं प्रत्येक बार्ड में दो व्यक्तियों की टीम तैयार हो गई है ।

कार्य एवं दायित्व-

क- ग्राम शिक्षा समिति को विभिन्न कार्यो हेतु सहयोग प्रदान करना ।

ख- अपने बार्ड से संबंधित समस्त बच्चों का नामांकन कराना एवं उनकी उपस्थिति सुनिश्चत कराना

ग- योजनांतर्गत विभिन्न प्रकार की क्रियाओं कार्यो एवं गतिविधियों को सफल संचालन हेतु वातावरण सृजन करना एवं इसमें होने वाली कमियों को संबंधित अधिकारियों को अवगत कराना।

घ- उद्देश्य पूर्ति हेतु विभिन्न प्रकार के सुझाव जिला परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराना।

2- न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र-

जनपद समस्त उन न्याय पंचायतों में न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र प्रभारी की नियुक्ति की जा चुकी है उन्हें उनके कार्यो से अवगत कराने के लिये सक्रिय एवं क्रियाशील बनाने के लिये उनका प्रशिक्षण कराया जा चुका है उनमें से 20 केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है शेष 17 केन्द्रों के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है।

एन0 पी0आर0सी0 के कार्य एवं दायित्व :-

क- न्याय पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों का अकादमिक निरीक्षण करना ।

ख- अध्यापकों की मासिक गोष्ठी महिने के अंतिम शनिवार के दिन करना । गोष्ठी में शैक्षिक कठिनाइयों पर विचार विमर्श एवं उसका निवारण करना ।

ग- ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों को प्रशिक्षित करना ।

घ- ग्राम शिक्षा समिति के सहयोग से न्याय पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों में गुणवत्ता के सुधर परिवेश निर्माण आदि की योजना तैयार करना ।

इ- न्याय पंचायत स्तरीय शैक्षिक सूचनाओं का संकलन एवं सूक्ष्म नियोजन ।

च- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा जिला परियोजना कार्यालय द्वारा हस्तान्तरित किये गया बेसिक शिक्षा सुधार से सम्बंधित अन्य कार्यो को सम्पादित करना ।

3- क्षेत्र पंचायत स्तरीय संगठन/संस्था-

<u>अ- क्षेत्र पंचायत स्तर की समिति-</u> प्रत्येक विकासखंड में सर्व शिक्षा अभियान के कार्यक्रमों को कियान्वयन/अनुश्रवण करने के लिये एक क्षेत्र पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसमें निम्न पदाधिकारी सम्मिलत हैं ।

अध्यक्ष	-	ब्लाक प्रमुख
सदस्य/सचिव-		सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्रति उप विद्यालय निरीक्षक
सदस्य	-	विकासखंड का एक ग्राम प्रधान एवं विकासखंड का वरिष्ठतम प्रधानाध्यापक ।

अधिकार एवं दायित्व

इस समिति का मुख्य कार्य ब्लाक संसाधन केन्द्र एवं न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों के कार्यो में समन्वय स्थापित करना जिला परियोजना समिति के निर्णयों का अनुपालन सुनिशचित करना तथा क्षेत्र पंचायत के अंतर्गत विभिन्न कार्यकर्मो का प्रभावी कियान्वयन एवं अनुश्रवण करना इसका मुख्य दायित्व होगा । यह समिति ग्राम शिक्षा समितियों एवं जिला शिक्षा परियोजना समिति के बीच सम्पर्क सूत्र का कार्य करेगी तथा सुनिश्चत रोजगार योजना/जे0जी0एस0वाई के लिये आवंटित धनराशि में से प्राथमिकता के आधार पर धन उपलब्ध कराने में यह विशेष सहायक होगी । इस समिति की महीने में बैठक एक बार अवश्य होगी ।

ब- प्रशासनिक संगठन-

